भारत के नदियों के प्रदूषण के निम्न कारण है:-

(i) औद्योगिक अवशिष्ट पदार्थों का नदियों में विसर्जन

(ii) परमाणु संयंत्र शीतलन

(iii) नदियों में गर्म जल का प्रवाह

(iv) शव प्रवाह

(v) घरेलु अवशिष्ट पदार्थों का नदियों में विसर्जन

(vii) कृषि में प्रयुक्त होने वाले रसायनों एवं कीटनाशकों का छिड़काव

(viii) अम्लीय वर्षा।

1. जल संरक्षण से आप क्या समझते हैं? इसके क्या उपाय हैं?

जल ही जीवन है। यह हमारे जीवन का मुख्य आधार है। इससे हमारी विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है, जल का उचित उपयोग करना इसे बर्बाद होने से बचाना एवं इसका नियोजित उपयोग करना तथा प्रदूषित होने से बचाना जल संरक्षण कहलाता है। जल संरक्षण के निम्न उपाय हैं।

(i) भूमिगत जल की पुनः पूर्ति — इसके लिए वृक्षारोपण, जैविक तथा कम्पोस्ट खाद का प्रयोग, वेटलैंड्स का संरक्षण, वर्षा जल के संचयन एवं मल-जल शोधन पुनः चक्रण जैसे क्रियाकलाप उपयोगी होते हैं।

(ii) जल संभर प्रबंधन — जल प्रवाह या जल जमाव का उपयोग करके उद्यान, कृषि वानिकी, जल कृषि एवं कृषि उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इससे पेय जलापूर्ति भी की जा सकती है। इकाइयों पर लागु करने की आवश्यकता है।

(iii) तकनीकी विकास — तकनीकी विकास से तात्पर्य ऐसे उपकरण से है जिसमें जल का कम से कम उपयोग कर अधिक से अधिक लाभ लिया जा सकता है।

जैसे — ड्रिपसिंचाई, लिफ्टसिंचाई, सूक्ष्म फुहारें से सिंचाई, सीढ़ीनुमा खेती इत्यादि

वस्तुनिष्ठ प्रश्न / objective questions

1. बड़े क्षेत्र में जल की उपस्थिति के कारण ही पृथ्वी को कहते हैं।

नीला ग्रह

2. कुल जल का कितना प्रतिशत भाग महासागरों में निहित है?

96.5%

3. देश के बांधों को किसने 'भारत का मंदिर' कहा था?

पंडित नेहरू

4. प्राणियों के शरीर में कितना प्रतिशत जल की मात्रा निहित होती है?

(ग) 65%

5. बिहार में भूमि-जल-दोहन से किस तत्व का संकेन्द्रण बढ़ा है?

आर्सेनिक

6 लक्ष्मी सागर झील किस राज्य में स्थित है?
बिहार

7 निम्न में से कौन लवणीय झील है?
सांभर

8 गंगा नदी पर गांधी सेतु किस शहर के निकट अवस्थित है?
पटना

9 कौन-सी नदी प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लम्बी नदी है?
गोदावरी

10 कौनसी नदी भ्रंश घाटी से होकर बहती है? तापी

11 सिन्धु जल समझौता कब हुआ था?
1960

12 सांगपो किस नदी का उपनाम है?
ब्रह्मपुत्र

13 इनमें से गर्म जल का स्रोत कौन है?
ब्रह्मकुंड

14 कोसी नदी का उद्गम स्थल कहाँ है?
गोसाईथान

15 निम्नलिखित में से कौन सा वृक्ष की शाखाओं के समान अपवाह प्रतिरूप प्रणाली को दर्शाता है? द्रुमाकृतिक

16 वुलर झील निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है? जम्मू - कश्मीर

17 नर्मदा नदी का उद्गम कहाँ से है?
अमरकंटक

(iii) तकनीकी विकास :- तकनीकी विकास से तात्पर्य ऐसे उपकरण से है। जिसमें जल का कम-से कम उपयोग कर अधिक-से अधिक लाभ लिया जा सकता है।

जैसे :- ड्रिपसिंचाई, लिफ्टसिंचाई सूक्ष्म फुहारों से सिंचाई सिढ़ीनुमा खेती इत्यादि।

Q.2(ब) वर्षा जल की मानव जीवन में क्या भूमिका है? इसके संग्रह व पुनः चक्रण के विधियों का उल्लेख करें।

⟹ वर्षा जल की मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे भूमिगत जल की पुनःपूर्ति होती है। भूमिगत जल का उपयोग मानव अपने दैनिक जीवन में करता है। इससे मानव की विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। हमारा भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारतीय कृषि मानसून के साथ जुआ है। भारतीय कृषि वर्षाजल के ऊपर निर्भर है।

जब वर्षा अनुकूल होती है तो फसलें अच्छी होती हैं। जब वर्षा कम होती है तो फसलें भी प्रभावित होती हैं। वर्षा जल प्रायद्वीपीय नदियों के मुख्य स्रोत हैं। भारत में प्रायद्वीपीय नदियों के द्वारा ही सिंचाई का कार्य ~~करता है~~ किया जाता है। इस प्रकार वर्षा जल का मानवीय जीवन में प्रमुख भूमिका है।

वर्षा जल के संग्रहण एवम् पुनः चक्रण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग और पेंड लेक का निर्माण का प्रमुख विधि है। इसके माध्यम से वर्षा जल का संग्रहण किया जाता है एवम् पुनः चक्रण भी होते रहता है। भारत के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न तरीकों से वर्षा जल का संग्रहण किया जाता है।

(खण्ड क) संसाधन एवं उपयोग

1. कोयला किस प्रकार का संसाधन है?
अनवीकरणीय

2. जैव ऊर्जा निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन है: पुनः पूर्तियोग्य

3. तट रेखा से कितने कि०मी० क्षेत्र सीमा अपवर्जक आर्थिक क्षेत्र कहलाते हैं?

4. शाखाओं 200 N.M

की अर्थव्यवस्था का संबंध है: संसाधनों के अनियोजित विदोहन से

5. समुद्री क्षेत्र में राजनैतिक सीमा के कितनी कि०मी० क्षेत्र तक राष्ट्रीय सम्पदा निहित है:
19.2 कि०मी०

6. लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है:- अनवीकरण योग्य

7. ज्वारीय ऊर्जा निम्नलिखित में से किस प्रकार का संसाधन है?
पुनः पूर्ति योग्य

8. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का निम्नलिखित में से मुख्य कारण क्या है? वनोन्मूलन

9. निम्नलिखित में से किस प्रांत में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है?
उत्तरांचल

10. इनमें से किस राज्य में काली मृदा पाई जाती है?
गुजरात

ग. वन एवं वन्य प्राणी संसाधन

1. भारत में 2001 में कितने प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में वन का विस्तार था?

19.27%

2. वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार भारत में वन का विस्तार है—

20.6%

3. बिहार में कितने प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में वन का फैलाव है?

7%

4. पूर्वोत्तर राज्यों के 188 आदिवासी जिलों में देश के कुल क्षेत्र का कितना प्रतिशत वन है?

60.11

5. किस राज्य में वन का सबसे अधिक विस्तार है?

मध्यप्रदेश

6. वन संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से वनों को वर्गीकृत किया गया है—

तीन

7. 1951 से 1980 तक लगभग कितना वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र कृषि भूमि में परिवर्तित हुआ?

26,200

8. संविधान की धारा 21 का संबंध है—

वन्य जीवों तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण

9. एफ. एस. आई. ओ. की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 1948 में विश्व में कितने हेक्टेयर भूमि पर वनों का विस्तार था।

10. प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण 1968 में कौन सा कन्वेंशन हुआ था?

अफ्रीकी कन्वेंशन

11. इनमें कौन सा जीव है जो केवल भारत ही में पाया जाता है?

घड़ियाल

12. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है—

मयूर

13. मैंग्रोव का सबसे अधिक विस्तार है—

सुंदरवन

14. टैक्सोल का उपयोग होता है—

कैंसर में

15. चिपको आंदोलन का संबंध किस देश से था?

भारत से

1. बिहार में वन सम्पदा की वर्तमान स्थिति का वर्णन कीजिए।

बिहार विभाजन के बाद वन का विस्तार बिहार राज्य में चिंतनीय स्थिति में आ गया है।

क्योंकि वर्तमान बिहार में अधिकतम भूमि कृषि योग्य है। बिहार के कुल क्षेत्रफल के 7.1% भौगोलिक क्षेत्रफल पर वन का विस्तार है। बिहार के 38 जिलों में 7 जिलों से वन क्षेत्र समाप्त हो गया है।

2. वन विनाश के मुख्य कारकों को लिखिये।

वन विनाश के मुख्य कारक इस प्रकार है।

(i) वनों की अंधाधुंध कटाई।
(ii) कृषिगत भूमि का विस्तार
(iii) स्थानान्तरित कृषि पद्धति।
(iv) सड़क एवं रेलमार्गों का विस्तार।
(v) शहरीकरण।
(vi) औद्योगीकरण।
(vii) बढ़ती हुई अनियंत्रित जनसंख्या।
(viii) बाढ़।
(ix) दवानल।
(x) बांधों का निर्माण।

3. वन के पर्यावरणीय महत्त्व का वर्णन कीजिए।

मानव के समस्त जीवन का आधार वन है। वन हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करता है तथा CO_2 को ग्रहण करता है। वन पर्यावरण को संतुलित रखता है। वन वृष्टि कराने में सहायक होता है। वनों से हमें जड़ी बूटियाँ मिलती हैं। वन मृदा अपरदन को रोकता है।

4. वन्य – जीवों के ह्रास के चार प्रमुख कारकों का उल्लेख कीजिए।

वन्य जीवों के ह्रास के चार प्रमुख कारक निम्न हैं :-

i. प्राकृतिक आवासों का अतिक्रमण।
ii. प्रदूषण जनित समस्याएँ।
iii. आर्थिक लाभ।
iv. प्रजनन दर में कमी।

5. वन और वन्य जीवों के संरक्षण में सहयोगी रीति रिवाजों का उल्लेख कीजिए।

वन एवं वन्य जीव मानव जीवन के प्रमुख सहायक हैं। इनकी सुरक्षा केवल जरूरी ही नहीं बल्कि पारिस्थितिक तंत्र के निर्माण में महत्त्वपूर्ण कारक है।

कि वन एवम् वन्यजीव प्रकृति का अमूल्य धरोहर है। इनके संरक्षण में सहयोगी रीति-रिवाजों में पेड़-पौधों को लेकर वन्य जीवों तक का पूजा किया जाता है। इसे धर्म से जोड़ दिया गया है। भारत में नीति को लेकर साँप जैसे विषैले जन्तु को दूध पिलाने का प्रचलन है। तथा चिड़ियों को दाना देने का प्रचलन है। इस प्रकार वन एवम् वन्य जीवों को सहयोगी रीति-रिवाजों के द्वारा इनका संरक्षण किया जाता है।

6. चिपको आन्दोलन क्या है?

पेड़-पौधों की सुरक्षा हेतु इसके बचाव के लिए पेड़ों से चिपककर इन्हें कटने से बचाना तथा इनका संरक्षण करना चिपको आंदोलन कहलाता है। इस आंदोलन की जिम्मेदारी कोई एक व्यक्ति के नेतृत्व में होता है। निर्जीव सभी लोग मिलकर पेड़-पौधों की सुरक्षा करते हैं। और पेड़ों से चिपककर आंदोलन शुरू कर देते हैं।

7. कैंसर रोग के उपचार में वन का क्या योगदान है?

Ans कैंसर रोग के उपचार के लिए औषधीय पौधा हिमालय और चिर वनों में पाया जाता है जो हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में पाया जाता है। इसके छाल, पत्तियों टहनियों और जड़ों से टैक्सोल नामक रसायन निकाला जाता है। तथा इससे कैंसर रोगों के उपचार के लिए प्रयोग किया जाता है तो इस प्रकार कैंसर रोग के उपचार में वन का महत्वपूर्ण योगदान है।

8. ~~कैंसर रोग के उपचार में वन~~ का लुप्त होने वाले पशु-पक्षियों का नाम लिखिए।

लुप्त होने वाले पशु-पक्षियों का नाम इस प्रकार है।
(i) कस्तूरा (ii) चिनल (iii) भेड़िया (iv) अनुपमगाय (v) नीलगाय (vi) पारहसिंघा (vii) चितकारा (viii) काला हिरण (ix) गोडावण (x) गोरिया, तितर

(xi) लमनपण्डा, (xii) बुधेतबारस्य (xiii) पखार (xiv) गिद्ध (xv) चील

9. वन्य – जीवों के ह्रास में प्रदूषण जनित समस्याओं पर अपना विचार स्पष्ट कीजिए।

वन्य – जीवों के ह्रास में प्रदूषण जनित समस्या ने कई समस्याओं को जन्म दिया है। इसमें वन्य जीवों की संख्या में कमी के प्रमुख कारण पशु पेंगनी, विरुषी, अम्लीय वर्षा और हरित ग्रीह प्रभाव है। इसके अलावे वायु, जल, एवम् मृदा प्रदूषण के कारण वन एवम् वन्य जीवों का जीवन चक्र गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। जीवन चक्र को पूरा किए बिना नये पौधे या जन्तु का जन्म ही नहीं हो सकता।

10. भारत के दो प्रमुख जैवमंडल क्षेत्र का नाम क्षेत्रफल एवं राज्यों का बताएं।

भारत के दो प्रमुख जैवमंडल क्षेत्र का नाम, क्षेत्रफल एवम् राज्यों का नाम इस प्रकार है — (i) सुन्दरवन :- इसका क्षेत्रफल 9,630 वर्ग km है। यह पश्चिम बंगाल राज्य में पड़ता है।

सिमलीपाल जैवमंडल :- 4374 वर्ग km यह ओड़ीसा राज्य में है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. वन एवं वन्य जीवों के महत्व का विस्तार से वर्णन कीजिए।

वन एवम् वन्य जीव मानव जीवन के प्रमुख हमसफर हैं। वन पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच जैसा है। यह केवल एक संसाधन ही नहीं बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण घटक हैं। हमारा इससे अटूट संबंध है। वन प्रकृति का एक अमूल्य उपहार है। सृष्टि के आरम्भ से ही मानव इसके आँचल में पोसते पलते आ रहा है। वन एवम् वन्य जीव मानव के लिए पारि- स्थिति अस्थापित होने वाला संसाधन है यह जैव मंडल में सभी जीवों को संतुलित स्थिति में जीने के लिए आवश्यक संतुलित परिस्थिति तंत्र के निर्माण में आवश्यक योगदान देता है क्योंकि सभी

जीवों के लिए खाद्य ऊर्जा का प्रारंभिक स्रोत वनस्पति ही है। भारत में वन संसाधन एक महत्वपूर्ण संसाधन है। यहाँ के लोग आरम्भ से वन प्रिय रहे हैं जिसके प्रमाण धर्म, धार्मिक ग्रंथों तथा लोककथाओं में मिलता है। इस प्रकार वन एवं वन्य जीवों का बहुत बड़ा महत्व है। हमें वन और वन्य जीव संसाधनों को संरक्षण देना चाहिए।

Q.2) वृक्षों के घनत्व के आधार पर वनों का वर्गीकरण कीजिए और सभी वर्गों का वर्णन विस्तार से कीजिए

वृक्षों के घनत्व के आधार पर वनों को पाँच वर्गों में वर्गीकृत किया गया है:-

(i) अत्यंत सघन वन → भारत में इस प्रकार के वन का विस्तार 54.6 लाख हेक्टेयर भूमि पर है जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 1.66% है। इसके अन्तर्गत असम और सिक्किम को छोड़कर सभी पूर्वोत्तर राज्य आते हैं।

(ii) सघन वन → इसके अन्तर्गत 73.60 लाख हेक्टेयर भूमि आते हैं, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 3% है। इस प्रकार के वनों का विस्तार हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र एवं उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में है

(iii) खुले वन → इस वर्ग के वनों का विस्तार 2.59 करोड़ भूमि पर है। यह कुल भौगोलिक क्षेत्र का 7.12% है। इस प्रकार के वन कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों में है।

(iv) झाड़िया एवं अन्य वन → इस प्रकार के वन राजस्थान का मरुस्थलीय क्षेत्र एवं शुष्क क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इसके अन्तर्गत 2.459 करोड़ हेक्टेयर भूमि आते हैं। जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 8.68% है। इस प्रकार के वन पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, एवं पश्चिम बंगाल के मैदानी भागों

में पाये जाते है।

(V) मैंग्रोव वन → भारत के तटवर्ती क्षेत्रों में पाए जाने वाले को मैंग्रोव वन कहते है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का मात्र 0.14% क्षेत्र में मैंग्रोव वन का विस्तार है।

3. जैव विविधता क्या है? यह मानव के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? विस्तार से लिखिए।

जीवों में पाए जानेवाली विभिन्नता को जैवविविधता कहते है। देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न प्रकार के जीव-जन्तु पाए जाते है। जैविक उद्यान जैव विविधता का प्रमुख उदाहरण है जैविक उद्यानों में एक ही क्षेत्र में कई प्रकार के जीव-जन्तुओं एवं वनस्पतियों को देखा जाता है जैविक उद्यानों में बाघ, शेर, हाथी, भालू, मोर एवम् विभिन्न प्रकार के जीव-जन्तु पाए जाते है। इसके साथ भिन्न-भिन्न प्रकार की वनस्पतियां भी पायी जाती है जो विविधता को सिद्ध करता है। इन भिन्न-भिन्न प्रकार के जीवों एवं वनस्पतियों से मानव की भिन्न-भिन्न प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु है। इस प्रकार जैव विविधता मानव के लिए महत्वपूर्ण है।

4. विस्तार पूर्वक बताएँ कि मानव-क्रियाएँ किस प्रकार प्राकृतिक वनस्पति और प्राणीजात के ह्रास के कारक है।

मानव क्रियाएँ प्रकृति वनस्पति और प्राणीजात के ह्रास के प्रमुख कारण हैं मानव अपनी आवश्यकताओं के पूर्ति हेतु विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों के द्वारा प्रकृति संसाधनों का दोहन करता है प्रकृति संसाधनों में प्रकृति वनस्पतियों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्राकृतिक वनस्पति पर्यावरण को संतुलित रखता है। यह मानवीय जीवन का एक प्रमुख आधार के रूप में है। मानव प्राकृतिक वनस्पतियों को हटाकर कब खेती-बारी शुरू करता है। वनों के

परिवर्तन बनाने हेतु जंगलों को काटना शुरू करता है। सड़कें एवम् रेलमार्गों का विकास करता है। शहरी करण एवं औद्योगिक करण जैसे क्रियाओं को करता है तो इसका प्रभाव प्राकृतिक वन्य प्राणियों पर पड़ता है तो इस प्रकार मानवीय क्रियाएं प्राकृतिक वनस्पति और प्राणिजात के ह्रास के कारक हैं।

5. भारतीय जैवमंडल क्षेत्रों की चर्चा विस्तार से कीजिए।

जैवमण्डल वह क्षेत्र है जहाँ प्राथमिकता के आधार पर जैवविविधता के संरक्षण के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इन क्षेत्रों में जैवविविधता के आनुवंशिकी विविधता के रूप में संरक्षित कार्यक्रम चलाया जाता है। विश्व के 65 देशों में लगभग 243 सुरक्षित जैवमण्डल क्षेत्र हैं भारत में इसकी संख्या 14 हैं।

भारत के जैवमण्डलों में नीलगिरी, नन्दा देवी, नोकरेक मानस, सुन्दरवन, मन्नार की खाड़ी, ग्रेट निकोबार, सिमली पाल, डिब्रू-साइकोवा, दिहांग देबांग, कंचनजंघा, पंचमढ़ी, अगस्त्यमलाई, अचानकमार, अमरकंटक इत्यादि प्रमुख हैं।

घ (खनिज संसाधन)

1. भारत में लगभग कितने खनिज पाये जाते है गये हैं? 100
2. इन में से कौन लौह युक्त खनिज का उदाहरण है? (क) मैंगनीज
3. निम्नलिखित में कौन एक अधात्विक खनिज का उदाहरण है? (ग) अभ्रक
4. किस खनिज को उद्योगों की जननी माना गया है? (ग) लौह
5. कौन लौह अयस्क का एक प्रकार है? (ख) हेमाटाइट
6. कौन भारत का सबसे बड़ा लौह उत्पादक राज्य है? (क) कर्नाटक

(घ) खनिज संसाधन

(क) कर्नाटक

7 छत्तीसगढ़ भारत का कितना प्रतिशत लौह अयस्क उत्पादन करता है। (ख) 20

8 मैंगनीज उत्पादन में भारत का विश्व में क्या स्थान है?
(ग) तृतीय

9 एक टन इस्पात बनाने में कितने मैंगनीज का उपयोग होता है?
(ख) 10 कि० ग्रा०

10 उड़ीसा किस खनिज का सबसे बड़ा उत्पादक है?
(ख) मैंगनीज

11 अल्युमिनियम बनाने के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है?
(घ) बॉक्साइट

12 देश में अभ्रक का कुल भण्डार कितना है।
(ख) 125 करोड़ टन

13 बिहार झारखण्ड में देश का कितना प्रतिशत अभ्रक उत्पादन होता है?
(क) 80

14 सीमेंट उद्योग का सबसे कच्चा माल क्या है?
(क) चूना पत्थर

1 खनिज क्या है?
प्रकृति में पाये जाने वाले वैसे पदार्थ जिसका अपना रासायनिक एवम् भौतिक गुण होता है खनिज कहलाते हैं। खनिज आधुनिक सभ्यता एवम् संस्कृति के आधार स्तंभ है।

2 धात्विक खनिज के दो प्रमुख पहचान क्या है?
धात्विक खनिज को गलाने पर धातु प्राप्त होता है। ये कठोर एवम् चमकीले होते हैं।

3 खनिज की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए
खनिजों का वितरण असमान होता है अधिक गुणवत्ता वाले खनिज कम तथा कम गुणवत्ता वाले खनिज अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। खनिज समाप्य संसाधन है एक बार उपयोग करने के बाद पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता है यही इसकी मुख्य विशेषता है।

4 लौह अयस्क के प्रकारों के नाम लिखिए
लौह अयस्क के तीन प्रकार हैं।
(i) हेमेटाइट (ii) मैग्नेटाइट

(iii) लिमोनाइट

5. लोहे के प्रमुख उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए।
लोहे के प्रमुख उत्पादक राज्य कर्नाटक छत्तीसगढ़ उड़ीसा, गोवा, एवम् झारखण्ड है। झारखण्ड के मुख्य लौह उत्पादक जिलों के नाम लिखिए।

6. झारखण्ड के पूर्वी एवम् पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला पलामू, हजारीबाग लोहरदगा तथा रांची मुख्य उत्पादक जिले हैं।

7. मैंगनीज के उपयोग पर प्रकाश डालिए।
मैंगनीज का उपयोग जंगरोधी इस्पात बनाने मिश्रधातु बनाने, सूखा सेल का निर्माण, फोटोग्राफी चमड़ा एवम् माचिस उद्योग, पेंट, तथा कीटनाशक दवाओं के बनाने में किया जाता है।

8. अल्युमिनियम के उपयोग का उल्लेख कीजिए।
अल्युमिनियम का बहुमुखी उपयोग वायुयान निर्माण, विद्युत उपकरण निर्माण घरेलू सज्ज-सज्जा के सामानों का निर्माण, बर्तन बनाने, सफेद सिमेंट तथा रासायनिक वस्तुएँ बनाने में किया जाता है।

9. अभ्रक का उपयोग क्या है?
अभ्रक का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में विद्युत उपकरण उद्योग लैम्प लालटेन के चिमनीयों का निर्माण इत्यादि में किया जाता है।

10. चूना - पत्थर की क्या उपयोगिता है?
चूना - पत्थर का उपयोग का सीमेंट उद्योग, लौह इस्पात उद्योग, रासायन उद्योग उर्वरक कागज एवम् कागज चीनी उद्योग में किया जाता है।

12. खनिजों के संरक्षण एवं प्रबंधन से क्या समझते हैं?
खनिज क्षयशील एवम् अनवीकरणीय संसाधन हैं। इनकी मात्रा सीमित है। इनका पुनः निर्माण असंभव है। खनिज उद्योगों का आधार हैं। किन्तु औद्योगिक विकास के लिए खनिजों

का अधिक से अधिक दोहन एवम् उपयोग इसके अस्तित्व के लिए संकट है अतः खनिजों का संरक्षण एवम् संवर्धन आवश्यक है। खनिजों का विवेकपूर्ण उपयोग करना इसे बर्बाद होने से बचाना इसका नियोजित उपयोग करना उचित उपयोग करना खनिज के संरक्षण एवम् संवर्धन कहलाता है।

दीर्घ उत्तरीय

खनिज कितने प्रकार के होते हैं? प्रत्येक का उदाहरण परिचय दीजिये।

खनिज दो प्रकार के होते हैं।

1) धात्विक खनिज:- जिन खनिजों से धातु प्राप्त होता है। धात्विक खनिज कहलाता है। जैसे:- लौह अयस्क, ताँबा, निकेल, मैंगनीज आदि।

धात्विक खनिज दो प्रकार के होते हैं।

(1) लौहयुक्त खनिज:- जिन धात्विक खनिजों में लोहे का अंश अधिक पाया जाता है वे लौह युक्त खनिज कहलाते हैं। जैसे:- लौह अयस्क, मैंगनीज निकेल, टंगस्टन

अलौहयुक्त खनिज:- जिन धात्विक खनिजों में लोहे का अंश कम या नहीं होता है वे अलौहयुक्त खनिज कहलाते हैं। जैसे:- सोना, चाँदी, सीसा, जस्ता, टीन, ताँबा, बॉक्साइट, जस्ता आदि।

2) अधात्विक खनिज:- जिन खनिजों में धातु नहीं होते हैं। अधात्विक खनिज कहलाते हैं। जैसे:- चुना-पत्थर, डोलोमाइट अभ्रक, जिप्सम आदि।

अधात्विक खनिज दो प्रकार के होते हैं।

1) कार्बनिक खनिज:- जिन खनिजों में जीवाश्म होते हैं कार्बनिक

खनिज कहलाते हैं। ये पृथ्वी में प्राणी एवम पादप जीवों के परिवर्तित होने से बनते हैं।
जैसे — कोयला, पेट्रोलियम आदि।

(ii) अकार्बनिक खनिज — जिन खनिजों में जीवाश्म नहीं होते हैं। अकार्बनिक खनिज कहलाते हैं।
जैसे — अभ्रक, ग्रेफाइट आदि

2/ धात्विक एवं अधात्विक खनिजों में क्या अंतर है, तुलना कीजिये।

धात्विक खनिज — धात्विक खनिज को गलाने पर धातु प्राप्त होते हैं ये कठोर एवम् चमकीले होते हैं। ये प्रायः आग्नेय चट्टानों में मिलते हैं। इन्हें पीटकर तार बनाया जा सकता है। ये पीटने पर टूटता नहीं है।

(ii) अधात्विक खनिज — अधात्विक खनिज को गलाने पर धातु प्राप्त नहीं हो सकता इनकी अपनी चमक होती हैं ये प्रायः परतदार चट्टानों में मिलते हैं। इन्हे पीटकर तार नहीं बनाया जा सकता है। ये पीटने पर चुर चुर हो जाते हैं।

3/ भारत की खनिज पेटियों का नाम लिखकर किन्ही दो का वर्णन कीजिये।

भारत में तीन खनिज पेटियाँ पायी जाती हैं।
(i) उत्तरी पूर्वी पठार — यह देश की सबसे धनी खनिज पेटी है। जिसमें छोटानागपुर का पठार, उड़ीसा का पठार, छत्तीसगढ़ का पठार तथा पूर्वी आन्ध्रप्रदेश का पठार अवस्थित है। इस पेटि में लौह अयस्क, मैंगनीज अभ्रक, बॉक्साइट, चुना-पत्थर डोलोमाइट, तांबा, थोरियम, युरेनियम, क्रोमियम, सिलिमेनाइट तथा फास्फेट के विशाल भंडार है

(ii) दक्षिण पश्चिम पठार — यह देश के दूसरा प्रमुख खनिज पेटि है। जो

कर्नाटक के पठार प्रथम
निकटवर्ती तमिलनाडु के
पठार पर फैली हुई है।
यहाँ लौह अयस्क, मैंगनीज
बॉक्साइट आदि भारी
मात्रा में पाए जाते हैं।

(iii) उत्तर पश्चिम प्रदेश — यह
पेटि का विस्तार खंभात
की खाड़ी से लेकर अरावली
के श्रेणीयों तक है। यहाँ
अनेक अलौह धातुएँ जैसे
चाँदी, सीसा, जस्ता, ताँबा
आदि भी मिलते हैं बालु-
पत्थर, ग्रेनाइट, संगमरमर,
जिप्सम, मुलतानी मिट्टी,
डोलोमाइट, चूना-पत्थर
नमक आदि के भी पर्याप्त
भण्डार हैं।

प्रश्न-4 लौह अयस्क का वर्गीकरण कर
उनकी विशेषताओं को लिखिये।

लौह अयस्क तीन प्रकार
के होते हैं।

1) हेमाटाइट — यह उच्च
कोटि का लौह अयस्क
है। इसमें लौह का
अंश 68% या इससे अधिक
होता है। इसका रंग लाल
होता है। इसलिए इसे लाल
अयस्क के नाम से जाना
जाता है। भारत में इसका
कुल भण्डार 1231.7 करोड़
टन है।

ii) मैग्नेटाइट — यह भी
उच्च कोटि का ही लौह
अयस्क है। इसमें लौहांश
की मात्रा 60% या इससे
अधिक होता है। इसका रंग
काला होता है इसलिए इसे
काला अयस्क कहते हैं। भारत
में इसका कुल अनुमानित भण्डार
54 करोड़ टन है।

(iii) लिमोनाइट — यह ~~निम्न~~
मध्यम कोटि का लौह अयस्क है।
इसमें लौहांश की मात्रा 40%
या इससे अधिक होता
है। इसका रंग पीला होता
है इसलिए इसे पीला अयस्क
कहते हैं। भारत में इसके
कुल भण्डार का पता नहीं
है यह परीक्षणाधीन है।

5. भारत में लौह अयस्क के वितरण पर प्रकाश डालिये।

भारत में लौह अयस्क प्रायः सभी राज्यों में पाया जाता है परंतु यहाँ के कुल भण्डार का 96% कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, गोवा, झारखण्ड राज्यों में सीमित हैं। कर्नाटक राज्य भारत का लगभग $\frac{1}{4}$ लोहा उत्पादन करता है यहाँ बेलारी, होसपेट, संदूर आदि में लोह अयस्क की खाने हैं छत्तीसगढ़ देश का दूसरा लौह अयस्क उत्पादक राज्य है। जो देश का लगभग 20% लोहा उत्पादन करता है। उड़ीसा देश का 19% लोहा उत्पादन करता है। यहाँ की प्रमुख खाने मुरुमहिसानी, बादाम पहाड़, किरिबुरु हैं। गोवा देश का चौथा बड़ा लोहा उत्पादक राज्य है यहाँ देश का 16% लोहा उत्पादन होता है। गोवा के मरमागोव पत्तन से लोहा का निर्यात किया जाता है। झारखण्ड देश का पाँचवा बड़ा लौह अयस्क उत्पादक राज्य है। और 15% से अधिक लोहे का उत्पादन करता है। इसके अलावे महाराष्ट्र आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु से भी लोहा प्राप्त होता है।

6. मैंगनीज अथवा बाक्साइट की उपयोगिता तथा देश में इनके वितरण का वर्णन कीजिये।

मैंगनीज — भारत में मैंगनीज के उत्पादन में भारत का विश्व में तीसरा स्थान है। यहाँ मैंगनीज का संचित भण्डार 1670 लाख टन है। भारत में मैंगनीज उत्पादन के प्रमुख क्षेत्र उड़ीसा महाराष्ट्र, कर्नाटक एवम् आंध्रप्रदेश हैं। उड़ीसा भारत में मैंगनीज के उत्पादन में अग्रणी है। यहाँ देश के कुल उत्पादन का 37% मैंगनीज उत्पादन होता है। महाराष्ट्र देश के कुल

उत्पादन का लगभग है
मैगनीज उत्पादन करती है।
मध्यप्रदेश 9% मैंगनीज
पैदा कर देश का तीसरा
बड़ा उत्पादक राज्य है।
इसके अलावे कर्नाटक और
आन्ध्रप्रदेश में भी मैंगनीज
का उत्पादन होता है।

बॉक्साइड — बॉक्साइड एक
अलौह धातु निक्षेप है। जिससे
एल्युमिनियम नामक धातु
निकाली जाती है। भारत
में बॉक्साइड का इतना
भण्डार है कि एल्युमिनियम
में हम आत्मनिर्भर हो सकते
हैं। इसका बहुमुखी उपयोग
वायुयान निर्माण, विद्युत
उपकरण निर्माण घरेलु साज
— सज्जा के सामानों का निर्माण
बर्तन बनाने सफेद सीमेंट
तथा रासायनिक वस्तुएँ
बनाने में किया जाता है।

बॉक्साइड भारत
के अनेक क्षेत्रों में मिलता
है। किन्तु मुख्य रूप से

इसका भण्डार उड़ीसा
गुजरात, झारखण्ड, महाराष्ट्र
छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु
एवम् उत्तरप्रदेश में अवस्थित
है। देश का आधा से
अधिक बॉक्साइड का भण्डार
उड़िसा राज्य में है। यह
भारत के कुल उत्पादन
का 42% बॉक्साइड उत्पादन
करता है। गुजरात भारत
का 17.35% बॉक्साइड
उत्पादन करके दूसरे स्थान
पर है झारखण्ड बॉक्साइड
के उत्पादन में तीसरा स्थान
रखता है तथा देश का
14% बॉक्साइड उत्पादन
करता है। महाराष्ट्र 12%
बॉक्साइड उत्पादन करता है।
छत्तीसगढ़ 6% से अधिक
बॉक्साइड का उत्पादन
करता है। अन्य उत्पादक
राज्यों में कर्नाटक, तमिलनाडु
उत्तरप्रदेश, और जम्मू और
काश्मीर में बॉक्साइड का
उत्पादन होता है।

7. अभ्रक की उपयोगिता तथा वितरण पर प्रकाश डालिये।

भारत में उत्पादन की दृष्टि से अभ्रक निक्षेप की तीन पेटियाँ है जो बिहार झारखण्ड, आंध्रप्रदेश तथा राजस्थान राज्यों के अंतरगत आती है। बिहार झारखण्ड में उत्तमकोटि के रूबी अभ्रक का उत्पादन होता है। पश्चिम में गया जिले से हजारीबाग मुंगेर होते हुए पूर्व में भागलपुर तक फैला हुआ है। इसके अलावे धनबाद, पलामू रांची एवम सिंहभूम जिलों में भी अभ्रक के भण्डार मिले है बिहार झारखंड भारत का 80% अभ्रक का उत्पादन करता है। आंध्रप्रदेश के नेलौर जिले में अभ्रक का उत्पादन होता है। राजस्थान देश का तीसरा अभ्रक उत्पादक राज्य है। यहाँ जयपुर, भिलवाड़ा, अजमेर आदि जिलों में अभ्रक की पेटी पायी हुई है।

संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय अभ्रक का मुख्य आयातक है।

(5.) शक्ति (ऊर्जा) संसाधन

1. किस राज्य में खनिज तेल का विशाल भंडार स्थित है?
   असम

2. भारत के किस स्थान पर पहला परमाणु ऊर्जा केन्द्र स्थापित किया गया था?
   तारापुर

3. कौन सा ऊर्जा स्रोत अनवीकरणीय है? कोयला

4. प्राथमिक ऊर्जा का उदाहरण नहीं है। विद्युत

5. ऊर्जा का गैर पारम्परिक स्रोत है। सौर ऊर्जा

6. गोंडवाना क्रम्ह से कोयले का निर्माण हुआ था। 20 करोड़ वर्ष पूर्व

7. भारत में कोयले का सर्वप्रमुख उत्पादक राज्य है।
   झारखण्ड

8 सर्वोत्तम कोयले का प्रकार कौन सा है?
एन्थ्रासाइट

9 मुम्बई हाई क्यों प्रसिद्ध है?
खनिज तेल हेतु

10 भारत का प्रथम तेल कारखाना (शोधक) कहाँ स्थित है?
डिगबोई

11 प्राकृतिक गैस किस खनिज के साथ पाया जाता है?
पेट्रोलियम

12 भाखड़ा नांगल परियोजना किस नदी पर अवस्थित है?
सतलज

13 दक्षिण भारत की सबसे बड़ी नदी घाटी परियोजना है।
तुंगभद्रा

14 ताप विद्युत केन्द्रक का उदाहरण है:-
बोकेनी

15 यूरेनियम का प्रमुख उत्पादक स्थल है?
जादूगोड़ा

16 एशिया का सबसे बड़ा परमाणु विद्युत गृह है:
तारापुर

17 भारत के किस राज्य में सौर ऊर्जा के विकास की सर्वाधिक सम्भावनाएँ

5 शक्ति (ऊर्जा) संसाधन

उपलब्ध हैं। राजस्थान

18 ज्वारीय एवं तरंग ऊर्जा उत्पादन हेतु भारत के अधिक अनुकूल परिस्थितियाँ कहाँ पाती हैं?
खंभात की खाड़ी
लघु उत्तरीय प्रश्न

1 पारम्परिक एवं गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के तीन-तीन उदाहरण लिखिये।
पारम्परिक ऊर्जा स्रोत - कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस इत्यादि।
गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत → सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा

2 गोण्डवाना समूह के कोयला क्षेत्रों के नाम लिखिये।
गोण्डवाना कोयला क्षेत्र मुख्यत: चार नदी घाटियों में पाए जाते हैं।
i) दामोदर नदी घाटी
ii) सोन नदी घाटी
iii) महानदी घाटी
iv) वर्धा गोदावरी नदी घाटी
इन सभी नदी घाटियों के

अंतर्गत भारत के झारखण्ड छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तथा पश्चिम बंगाल राज्य आते हैं।

Q3. झारखंड राज्य के मुख्य कोयला उत्पादक क्षेत्रों के नाम लिखिये/अंकित कीजिये।

झारखण्ड के राज्य के मुख्य कोयला उत्पादक क्षेत्र झरिया, बोकारो, गिरिडिह, करणपुरा, रामगढ़ इत्यादि प्रमुख हैं।

4. कोयले के विभिन्न प्रकारों के नाम लिखिए।

कोयले के विभिन्न प्रकारों के नाम इस प्रकार हैं।

i) एंथ्रासाइट
ii) बिटुमिनस
iii) लिग्नाइट
iv) पीट

5. पेट्रोलियम से किन-किन वस्तुओं का निर्माण होता है?

पेट्रोलियम से विभिन्न प्रकार के वस्तुएँ जैसे - गैसों लिक्विड, डीजल, पेट्रोल, किरासन तेल, स्नेहक, कीटनाशक दवाओं, साबुन, कृत्रिम रेशा, प्लास्टिक आदि बनाए जाते हैं। प्लास्टिक आदि वस्तुओं का निर्माण होता है।

6. सागर सम्राट क्या है?

सागर सम्राट में लोहे के बने मचान था एक जलयान के रूप में होता है। इसके माध्यम से समुद्रों में तेल के कुएँ खोदने का कार्य किया जाता है तो इसे सागर सम्राट कहते हैं।

7. किन्हीं चार तेल शोधक कारखानों का स्थान निर्दिष्ट कीजिये।

डिग्बोई, नहरकटिया, बरौनी, अंकलेश्वर।

8. जल विद्युत उत्पादन के कौन-कौन से मुख्य कारक हैं?

जलविद्युत उत्पादन के लिए सदावाहिनी नदी में प्रचुर जल की राशि नदि मार्ग में ढाल जल का तीव्र वेग प्राकृतिक जलप्रपात का होना इत्यादि मुख्य कारक हैं।

9. नदी घाटी परियोजनाओं को बहुउद्देशीय क्यों कहा जाता है?

नदियों पर बाँध बनाकर ऐसा उपाय करना जिससे सिंचाई के साथ बिजली उत्पादन करना बाढ़ की रोक-थाम करना मृदा अपरदन को रोकना, मछली पालन, नहर के निर्माण द्वारा यातायात को सुविधा बढ़ाना पर्यटन उद्योग हेतु रमणीक के स्थानों का निर्माण करना आदि करना अनेक लाभ एक ही समय साथ-साथ लिये जा सके तो ऐसी परियोजना बहुद्देशीय परियोजना या बहुमुखी / बहुधंधी परियोजना कहलाती है।

10. निम्नलिखित नदी घाटी परियोजनाएं किन-किन राज्यों में अवस्थित है- हीराकुंड, तुंगभद्रा, रिहन्द।

हीराकुण्ड -> उड़ीसा
तुंगभद्रा -> कर्नाटक
रिहन्द -> उत्तरप्रदेश

11. ताप शक्ति क्यों समाप्य संसाधन है?

ताप शक्ति संयंत्रों में तापीय विद्युत का उत्पादन करने के लिए अनवीकरणीय खनिज संसाधन जैसे - कोयला पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस का उपयोग होता है इसलिए ताप शक्ति समाप्य संसाधन है।

12. परमाणु शक्ति किन-किन खनिजों से प्राप्त होता है?

परमाणु शक्ति इल्मेनाइट, वैनडाइम, एंटीमनी, ग्रेफाइट, यूरेनियम, मोनाजाइट आदि खनिजों से प्राप्त होता है।

13. मोनाजाइट भारत में कहाँ-कहाँ उपलब्ध है?

मोनाजाइट भारत में केरल तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, एवम् उड़ीसा में पाया जाता है। केरल राज्य में मोनाजाइट प्रचुरता से पाया जाता है।

14. सौर ऊर्जा का उत्पादन कैसे होता है?

सौर ऊर्जा का उत्पादन सूर्य की किरणों को ऊर्जा में परिवर्तित

करने में होता है।

15. भारत के किन-किन क्षेत्रों में पवन ऊर्जा के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ हैं?
भारत के तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा कर्नाटक आदि क्षेत्रों में पवन ऊर्जा के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ विद्यमान हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. शक्ति संसाधनों का वर्गीकरण विभिन्न आधारों के अनुसार स्पष्टीकरण प्राप्त कीजिए।
शक्ति संसाधन का वर्गीकरण विभिन्न आधारों के अनुसार स्पष्टीकरण इस प्रकार है।

(क) उपयोग स्तर के आधार
i.) सतत शक्ति संसाधन — सौर ऊर्जा, भूमिगत ऊर्जा, पवन ऊर्जा, प्रवाहित जल आदि।
ii.) समापनीय शक्ति संसाधन — कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस एवम् आणविक खनिज

(ख) उपयोगिता के आधार पर
i.) प्राथमिक ऊर्जा — कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा रेडियोधर्मी खनिज आदि
ii.) गौण ऊर्जा — विद्युत

(ग) स्रोत की स्थिति के आधार पर
i.) क्षयशील शक्ति संसाधन — कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, आणविक खनिज आदि।
ii.) अक्षयशील शक्ति संसाधन — प्रवाहित जल, पवन, लहरें, सौरशक्ति आदि।

(घ) संरचनात्मक गुणों के आधार पर
i.) जैविक ऊर्जा स्रोत — मानव एवम् प्राणी शक्ति आदि।
ii.) अजैविक ऊर्जा स्रोत — जल शक्ति, पवन शक्ति और शक्ति।

खनिज ऊर्जा शक्ति आदि।

समय के आधार पर

i) पारम्परिक शक्ति संसाधन :–
प्राकृतिक गैस, कोयला
पेट्रोलियम गैस

ii) गैर पारम्परिक शक्ति संसाधन :–
सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा
भूतापिय ऊर्जा आदि।
ज्वारिय ऊर्जा, तरंग ऊर्जा

2) गोण्डवाना समूह के कोयला क्षेत्रों के नाम लिखिये।

भारत में पारम्परिक स्रोत के अंतर्गत आनेवाले शक्ति संसाधनों में कोयला, पेट्रोलियम एवम् प्राकृतिक गैस मुख्य-मुख्य है। कोयला शक्ति संसाधनों में ऊर्जा महत्वपूर्ण स्रोत है। इसका उपयोग खाने बनाने से लेकर विद्युत उत्पादन एवम् वृहत स्तर के उद्योगों में किया जाता है। भूगर्भी दृष्टि से भारत के समस्त कोयला भण्डार को गोण्डवाना एवम् दो समूहों में बाँटा गया है। इन दोनों समूहों में गोण्डवाना समूह के कोयला का सबसे अधिक उपयोग है।

पेट्रोलियम शक्ति के समस्त साधनों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं व्यापक रूप से उपयोगी संसाधन है। इस आधुनिक युग में कोई भी राष्ट्र इसके बिना अपने अस्तित्व को कायम नहीं रख सकते। पेट्रोलियम शक्ति के स्रोत के साथ-साथ अनेक उपयोगों का कच्चा-माल भी है।

प्राकृतिक गैस हमारे वर्तमान जीवन में बड़ी तेजी से एक महत्वपूर्ण ईंधन बनता जा रहा है। इसका उपयोग विभिन्न उद्योगों की मशीन को चलाने में, विद्युत उत्पादन में, खाने पकाने में तथा मोटरगाड़ीयों के चलाने में किया जा रहा है।

3. गोंडवाना काल के कोयले का भारत में वितरण पर प्रकाश डालिये।

गोंडवाना काल के कोयले का भारत में वितरण इस प्रकार है–

(i) झारखण्ड :– कोयले के भंडार एवम् उत्पादन के दृष्टि से झारखण्ड का देश में पहला स्थान है। यहाँ देश का 37% से अधिक कोयला का सुरक्षित भण्डार है तथा उत्पादन 23% से अधिक है। झरिया, बोकारो, गिरीडीह, कर्णपुरा, रामगढ़, इस राज्य के प्रमुख उत्पादन क्षेत्र हैं।

(ii) छत्तीसगढ़ — सुरक्षित भंडार की दृष्टि से इस राज्य का स्थान तीसरा

(iii) उड़ीसा :– उड़ीसा में देश का $\frac{1}{4}$ कोयले का भंडार है पर उत्पादन मात्र 14.6% ही होता है।

(iv) महाराष्ट्र :– यहाँ भारत का 3% कोयला सुरक्षित है पर उत्पादन देश का 9% से भी अधिक होता है। यहाँ का अधिकतर कोयला चांदावर्धा, कांपटी तथा बंदेर

(v) मध्यप्रदेश :– यहाँ देश का मात्र 7% कोयले का भंडार है। क्योंकि अधिकांश कोयला क्षेत्र छत्तीसगढ़ में चला गया।

(vi) पश्चिम बंगाल :– यह राज्य कोयले की सुरक्षित भंडार की दृष्टि से देश का चौथा एवं उत्पादन में 7वाँ स्थान रखता है। यहाँ का महत्वपूर्ण कोयला क्षेत्र रानीगंज है जिसका कुछ भाग झारखण्ड में पड़ गया है।

4. कोयले का वर्गीकरण कर उनकी विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए

कार्बन की मात्रा के आधार पर कोयला को चार वर्गों में वर्गीकृत किया गया है :–

(i) एन्थ्रासाइट ⟹ यह सर्वोच्च कोटि का कोयला है। जिसमें कार्बन की मात्रा 90% से अधिक होती है। जलने पर यह धुआँ नहीं देता है। तथा

देर तक अत्यधिक ऊष्मा देता है। इसे कोकिंग कोयला के नाम से भी जाना जाता है यह धातु गलाने के काम में आता है।

② बिटुमिनस ⟹ यह मध्यम कोटि का कोयला है। इसमें कार्बन की मात्रा 70-90% होता है। इसे परिष्कृत कर कोकिंग कोयला बनाया जा सकता है। भारत का अधिकतर कोयला इस श्रेणी का है।

लिग्नाइट ⟹ यह निम्न कोटि का कोयला माना जाता है। जिसमें कार्बन की मात्रा 30-70% होता है। यह कम ऊष्मा तथा अधिक धुआँ देता है। इसका रंग भूरा होता है। इसलिए इसे भूरा कोयला भी कहते हैं।

पीट → यह घटिया किस्म का कोयला है। इसमें कार्बन की मात्रा 30% से भी कम पाया जाता है। यह पूर्व के दलदली भागों में पाया जाता है।

5. भारत में खनिज तेल के वितरण का वर्णन कीजिये।

भारत में मुख्य रूप से पाँच खनिज तेल उत्पादक क्षेत्र हैं।

(i) उत्तरी पूर्वी प्रदेश → यह भारत का सबसे पुराना तेल उत्पादक क्षेत्र है। यहाँ 1866 ई० में तेल के लिए खुदाई शुरू की गई थी यह भारत का एकमात्र तेल उत्पादक क्षेत्र था। ऊपरी असमघाटी, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड आदि के विशाल तेल क्षेत्र इसके अंतर्गत आते हैं। इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण उत्पादक डिगबोई, नहरकटिया मोरान, रुद्रसागर आदि हैं। अरुणाचल प्रदेश का निगरू और नागालैण्ड बोरहोल्ला उल्लेखनीय हैं।

(ii) गुजरात क्षेत्र ⟹ यह क्षेत्र खम्भात के बेसिन तथा गुजरात के मैदान में विस्तृत है। यहाँ पहली बार 1958 में तेल का पता चला इसके मुख्य उत्पादक अंकलेश्वर, कलोल, बलोल, सनोलेल, मेहसाना, कोसांबा आदि हैं।

(iii) मुम्बई हाई क्षेत्र ⟹ यह क्षेत्र मुम्बई तट से 176 km दूर उत्तर-पश्चिम दिशा में अरब सागर में स्थित है। यहाँ 1975 में तेल खोजने का कार्य शुरू हुआ। यहाँ समुद्र में सागर

सम्राट नामक मंच बनाया गया है। जो एक जलयान के रूप में है। और पानी के भीतर तेल के कुएँ खोदने का कार्य करता है।

(iv) पूर्वी तट प्रदेश ⇒ यह तेल क्षेत्र कृष्णा गोदावरी और कावेरी नदियों के बेसिन तथा मुहाने के तटीय क्षेत्र में फैला हुआ है। नारीमनम और कोविलप्पल कावेरी प्रदेश के मुख्य तेल क्षेत्र हैं।

(v) बाड़मेर बेसिन ⇒ इस बेसिन के मंगला तेल क्षेत्र से सितम्बर 2009 से उत्पादन शुरू हो गया था तथा 2012 तक उत्पादन हुआ।

6 जल विद्युत उत्पादन हेतु अनुकूल भौगोलिक एवं आर्थिक कारकों की विवेचना कीजिये।

जलविद्युत उत्पादन के लिए सदा वाहिनी नदी में प्रचुर जल की राशि नदी मार्ग में ढाल, जल का तीव्र वेग, प्राकृतिक जल प्रपात का होना। अनुकूल भौगोलिक दशाएँ हैं। जो पर्वतीय एवम् हिमानीकृत क्षेत्रों में पाया जाता है। इसकी उत्पादन की आर्थिक दशाएँ जैसे — सघन औद्योगिक विकास, वाणिज्यिक विकास बाजार पर्याप्त पूँजी निवेश, परिवहन के साधन तकनीकी ज्ञान एवं ऊर्जा के अन्य स्रोतों का अभाव प्रमुख है।

7 किन्हीं चार — तेल शोधक कारखाने का स्थान निर्दिष्ट कीजिये।

भाखड़ा नंगल प्रयोजना :- यह प्रयोजना सतलज नदी पर हिमालय क्षेत्र में विश्व के सर्वोच्च बांधों में एक है इसकी ऊँचाई 225 m है। यह भारत की सबसे बड़ी नदी घाटि प्रयोजना है। इस प्रयोजना से लाख किलो वाट विद्युत उत्पादन कर। पंजाब, हरियाणा दिल्ली, उत्तराखण्ड उत्तरप्रदेश हिमाचल प्रदेश, राजस्थान तथा जम्मू एवम् काश्मीर राज्यों के कृषि एवम् उपयोग में क्रांतिकारी

दामोदर घाटी प्रयोजना :- यह प्रयोजना दामोदर नदी के भयंकर बाढ़ से झारखण्ड एवम् पश्चिम बंगाल को को बचाने को उद्देश्य से किया

गया यह परियोजना 1300 मेगावाट जल विद्युत उत्पन्न करने में सहायक है। इसका लाभ बिहार, झारखण्ड, पश्चिम-बंगाल प्राप्त है।

कोयी परियोजना :- यह परियोजना उत्तर बिहार का अभिशाप कोयी नदी पर हनुमान नगर (नेपाल) में बाँध बनाकर 20000 किलो वाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है। जिसकी आधी बिजली नेपाल को तथा शेष बिहार को प्राप्त होती है।

हिरकुंड परियोजना :- यह महानदी पर उड़ीसा में विश्व का सबसे लम्बा बाँध बनाकर 2.1 लाख किलोवाट बिजली उत्पादन किया जाता है। इसका उपयोग उड़ीसा एवं आस-पास

कोयी परियोजना → यह परियोजना उत्तर बिहार का अभिशाप कोयी नदी पर हनुमानगर (नेपाल) में बाँध बनाकर 20 हजार किलोवाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है। जिसकी आधी बिजली नेपाल को तथा शेष बिहार को प्राप्त होती है।

हीराकुंड परियोजना → यह महानदीपर उड़ीसा में विश्व का सबसे लंबा बांध बनाकर 2.1 लाख किलोवाट बिजली उत्पादन किया जाता है। इसका उपयोग उड़ीसा एवं आस-पास के क्षेत्रों के कृषि एवं उद्योग में किया जाता है।

रिहन्द परियोजना → यह सोन की सहायक रिहन्द नदी पर है। इस परियोजना के अंतर्गत 30 लाख किलोवाट विद्युत उत्पन्न करने की क्षमता है। यहाँ के बिजली का उपयोग रेणुकूट के एल्युमिनियम उद्योग चूर्क का सीमेंट उद्योग मध्य भारत के रेलमार्ग का विद्युतीकरण तथा हजारों नलकूपों के लिए किए जाते हैं।

तुंगभद्रा परियोजना → यह कृष्णा नदी की सहायक नदी तुंगभद्रा पर कर्नाटक में अवस्थित दक्षिण भारत की सबसे बड़ी नदी घाटी परियोजना है। जो कर्नाटक एवं आंध्रप्रदेश के सहयोग से तैयार हुआ है इसकी बिजली उत्पादन क्षमता 1 लाख किलोवाट है।

Scanned with CamScanner

जो सिंचाई के साथ-साथ सैकड़ों छोटे बड़े उद्योगों को बिजली आपूर्ति करता है।

8. भारत के किन्हीं चार परमाणु विद्युत गृह का उल्लेख कीजिए तथा इनकी विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये?

भारत के चार परमाणु विद्युत गृह निम्न है:-

(i) तारापुर परमाणु विद्युत गृह → यह एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा परमाणु विद्युत गृह है। यहाँ जल उबालने वाली दो परमाणु भट्टियाँ है। जिसमें प्रत्येक की उत्पादन क्षमता 200 मेगावाट से अधिक है। अब यहाँ यूरेनियम के स्थान पर थोरियम से प्लूटोनियम बनाकर विद्युत उत्पन्न किये जा रहे हैं। क्योंकि भारत थोरियम के भंडार में काफी समृद्ध है।

(ii) राणा प्रताप सागर विद्युत → यह राजस्थान के कोटा में स्थित है। यह चंबल नदी के किनारे है। जिससे जल प्राप्त होता है। यह बिजली घर कनाडा के सहयोग से बना है। इसकी उत्पादन क्षमता 100 मेगावाट है।

(iii) कलपक्कम परमाणु विद्युत गृह → तमिलनाडु में स्थित यह परमाणु गृह स्वदेशी प्रयास से निर्मित है। यहाँ 335 मेगावाट दो रिएक्टर 1983 एवं 1985 से कार्य करना शुरू कर दिया।

4. नरौरा परमाणु विद्युत गृह → यह उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के पास स्थित है। यहाँ भी 235 मेगावाट क्षमता के दो रिएक्टर है।

9.) शक्ति (ऊर्जा) संसाधनों के संरक्षण हेतु कौन-कौन कदम उठाए जा सकते है? आप उसमें कैसे मदद पहुंचा सकते है?

शक्ति संसाधनों के संरक्षण हेतु निम्न कदम उठाए जा सकते है:-

(i) ऊर्जा के प्रयोग में मितव्ययिता → ऊर्जा संकट से बचने के लिए ऊर्जा का उपयोग हमें सोच-समझ कर करना चाहिए। इसके लिए तकनीकी विकास आवश्यक है। तकनीकी विकास ऐसे मोटरगाड़ियों का निर्माण करे जो कम तेल में ज्यादा चले।

(ii) ऊर्जा के नवीन स्रोतों की खोज → ऊर्जा संकट समाधान की दिशा मे

परम्परागत ऊर्जा के नए क्षेत्रों का खोज किया गया है।

(iii) ऊर्जा के नवीन वैकल्पिक साधनों का उपयोग :

वैकल्पिक ऊर्जा में पारंपरिक एवं गैर पारम्परिक दोनों ऊर्जा सम्मिलित है। इनमें कुछ नवीकरणीय है तो कुछ अनवीकरणीय हैं। आज वैकल्पिक ऊर्जा में जलविद्युत पवन ऊर्जा ज्वारीय ऊर्जा जैव-ऊर्जा भूतापिय ऊर्जा - सौर ऊर्जा आदि का विकल्प कर उपभोग करना शक्ति के साधनों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग ⇒ ऊर्जा संकट से बचने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। विश्व के सभी राष्ट्र आपसी भेदभाव को भूलकर ऊर्जा संकट समाधान हेतु आम सहमति को नीति निर्धारण करने की आवश्यकता है। नहीं तो आनेवाले दिनों में यह विश्व के लिए दुखदायी सिद्ध होगा।

Scanned with CamScanner

CIV लोकतांत्रिक राजनीति इकाई - 01

Page No.
Date

लोकतंत्र क्या है।

* Ans → लोकतंत्र वह शासन है जिसमें सत्ता की सारी शक्ति जनता में होती है। सरकार अपने कार्यों के लिए जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। जनता अपनी मर्जी से सरकार का चयन करती है। इस तंत्र में जनता को सरकार की गलत नितियों की आलोचना करने का अधिकार होते हैं।

* रंग भेद नीति क्या है? इस नीति का समर्थक कौन है?

Ans → गोरे और काले पर आधारित भेद के नीति को रंग भेद नीति कहते हैं। यह नीति साउथ अफ्रीका में लागू था। इस भेद-भाव के नीति का कुछ उदाहरण ओलंपिक खेल में भी देखने को मिला। इस नीति का प्रबल समर्थक जेड गुड्डी था।

* सामाजिक विभाजन और सामाजिक विभिन्नता में क्या अंतर है।

Ans → सामाजिक विभाजन तब होता है जब कुछ सामाजिक अंतर दूसरे अनेक विभिन्नताओं से ऊपर और व्यापक हो जाता है।

* स्वर्णों और दलितों का अंतर एक सामाजिक विभाजन है कैसे?

Teacher's Signature

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

Ans → क्योंकि दलितों संपूर्ण देश में गरीब वंचित और बेघर है और भेद-भाव के शिकार है। जबकि स्वर्ण संपूर्ण देश में संपन्न और सुविधा युक्त है। अर्थात दलितों को यह महसूस होने लगता है कि वे दूसरे समुदाय के है। इस लिए हम कह सकते है कि सामाजिक अंतर अन्य विभिन्नताओं से ज्यादा महत्वपूर्ण बन जाता है और लोगों को महसूस होने लगता है कि दूसरे समुदाय के है। ऐसी स्थिति में सामाजिक विभिन्नता सामाजिक विभाजन का रूप ले लेती है।

* सरकार अपनी नीतियाँ कैसे तय करती है?

Ans → टकराव और समाजस्व लोकतंत्र की दो सीढ़ियाँ है। जिससे होकर ही सरकार अपनी नितियाँ तय करती है। सरकार की कोई भी नीतियाँ आसानी से तय नहीं हो पाती है। बल्कि उसे प्रतिद्वंदिता के कठिन परिवेश से गुजरते हुए सामंजस्य का माहौल बनाने का प्रयास किया जाता है। तब परिस्थित के परिणाम स्वरूप विरोधी पक्ष उसे स्वीकार कर लेते है और वही पर नीति निर्धारित हो जाता है जिसका जीवंत

Teacher's Signature .....

Scanned with CamScanner

उदाहरण पिछड़ी जातियों को सार्वजनिक सेवाहँ में 27% आरक्षण में उठे विवाद।

* 1970 के दशक से आधुनिक दशक के बीच भारतीय लोकतंत्र का सफर (सामाजिक न्याय के संदर्भ में) संक्षिप्त वर्णन करें।

Ans → 1970 के दशक के पूर्व भारत की राजनीति और चेतना सुविधा प्रस्थ होत समूहों के बीच थी। यानी इस दशक में राजनीति में स्वर्ण जातियों के बीच सत्ता पर कब्जा के लिए संघर्ष शुरु हुआ। 1990 के दशक के उपरांत पिछड़े जातियों का वर्चस्व तथा दलितों की जागृति भारतीय राजनीति के गलियारो में अपना उपस्थित कर रही थी और नीतियों को प्रभावित कर रही थी। भारतीय राजनीति के इस महामंथन में पिछड़े और दलितों का संघर्ष प्रभावी पड़ा रहा। आधुनिक में भारतीय राजनीति का पलड़ा दलितों और महादलितों के पक्ष में झुकता दिखाई दे रहा है। सरकार की कोई भी नितियाँ दलितों और पिछड़ो के हित को ध्यान में रख कर ही बनाए जा रहे हैं।

* सामाजिक विभाजनों की राजनीति का।

Page No.
Date

परिणाम किन-किन तत्वों पर निर्भर करता है।

Ans→ भारत में सामाजिक विभाजन की राजनीति का परिणाम किन-किन तत्वों पर निर्भर करता है।

लोग अपनी पहचान स्वाभाविक तक सीमित रखना चाहते है क्यों कि प्रत्येक मनुष्य में दो तरह की चेतनाएँ पाई जाती है।

(i) राष्ट्रीय चेतना

(ii) उपराष्ट्रीय चेतना

इसको क्षेत्रिय चेतना भी कहते है। कोई एक चेतना बाकी चेतनाओं की कीमत पर उग्र होने लगती है तो समाज में असंतुलन पैदा होने लगता है।

कोई भी राजनीतिक दल किसी समाज या समुदाय के माँगो को कैसे उठा रहे है। संविधान के दायरे में आने वाली तथा दूसरे समुदाय को नुकसान न पहुँचाने वाली माँगों को मानलेना आसान है। यदि माँगे असंवैधानिक तथा दूसरे समुदाय को नुकसान पहुँचाने वाली हो तो उसे मानना आसान नहीं होता है।

Teacher's Signature ....

सामाजिक विभाजन की राजनीति सरकार के स्वरूप पर भी निर्भर करता है। सामाजिक मांगों पर सरकार कैसी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है। अगर भारत में पिछड़ों एवं दलितों के प्रति न्याय के माँग को सरकार शुरुआत से ही खारिज करती रहती है तो आज भारत विखराव के कगार पर होता लेकिन सरकार ने इसे संवैधानिक और न्याय संगत मान कर इन जातियों को सत्ता में साझेदार बनाया।

* क्यों सिर्फ जाति के आधार पर चुनावी नतीजे तय नहीं हो सकते। इसके कुछ कारणों का उल्लेख करें।

Ans→ किसी भी निर्वाचन क्षेत्र का गठन इस प्रकार नहीं किया गया है कि उस क्षेत्र में एक ही जाति के मतदाता रहें। ऐसा हो सकता है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एक खास जाति विशेष के मतदाताओं की संख्या अधिक हो। परंतु उस क्षेत्र में दूसरे जाति के मतदाता निर्णायक भूमिका में होते हैं यह भी कहना ठीक नहीं होगा की कोई पार्टी केवल ही एक ही जाति का वोट हासिल कर सत्ता में आता है। ऐसे किसी खास जाति विशेष को एक

Teacher's Signature

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

दल के वोट बैंक माने जाते है। इसका मतलब यह होता है कि उस जाति के अधिकतर मतदाता उसी पार्टी को वोट देते है। जैसे → अहिर राजद को और कुर्मी जदयू को।

* जाति को राजनीति प्रभावित करता है, कैसे ?

Ans→ जाति राजनीति को प्रभावित करता है परंतु इसका अर्थ यह नहीं निकलना चाहिए कि राजनीति और जाति के बीच एक पक्षिय संबंध है, राजनीति भी जाति को प्रभावित करता है और राजनीति जाति भावना को उभरता है।

कभी - कभी राजनीति का यह भी कोशिश रहता है कि एकसमान स्थितिवाले कई जातियों को मिलाकर एक गठबंधन बनाई जाए और राजनीति सत्ता हासिल किया जाए। जिसका ज्वलन्त उदाहरण 2019 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन।

पूरे भारत में राजनीति पिछड़े दलितों, अल्पसंख्यको तथा वंचित वर्गों के ईर्द - गिर्द घूम रही है, ये

Teacher's Signature

अपनी राजनीतिक सत्ता सुधारने में एड़ी-चोटी एक कर रहे हैं। यही कारण है कि आज भारत का सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज राजनीति का केन्द्र बिन्दु वंचित, शोषित अल्पसंख्यक के आस-पास स्थित हो गया है।

* वर्ण व्यवस्था क्या है।

Ans → कर्मों पर आधारित जाति समूहों का पदानुक्रम व्यवस्था है, जिसमें एक जाति समूह के लोग सामाजिक पैदान पर सबसे ऊपर हैं। जैसे → ब्राह्मण, दूसरे पैदान पर क्षत्रिय तीसरे पैदान पर वैश्य और सबसे नीचले पैदान पर वैश्य हैं। चूँकि यह व्यवस्था श्रम विभाजन पर आधारित था। इसलिए इनके बीच शादी-विवाह और खान-पान भी हुआ करता था। कालान्तर में यह व्यवस्था जन्म का आधार लेने लगा तब यह समाज में अतिवादी व्यवस्था में बदल गया और समाज विभाजित हो गया।

* धर्म को राजनीति से अलग नहीं करना चाहिए। स्पष्ट करें।

Ans → गाँधी जी ने एक बार कहा था धर्म को राजनीति

Scanned with CamScanner

से अलग नहीं करना चाहिए। इसका अर्थ यह भी नहीं करना चाहिए कि हिन्दू, इस्लाम, सिक्ख, ईसाई धर्म को आधार मानकर राजनीति का स्वरूप खड़ा किया जाए। इसका अर्थ यह लगाना चाहिए कि राजनीति का आधार धर्म में निर्देशित आधार मूल्यों के आधार पर होना चाहिए।

धर्म निरपेक्षता क्या है।

* Ans→ ऐसे संविधान द्वारा धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित नहीं किया गया। बल्कि उसके भाव को स्पष्ट किया गया। धर्म निरपेक्षता का तात्पर्य भारत का कोई अपना धर्म नहीं होगा। भारत सभी धर्मों का एक समान आदर करेगा। धर्म के नाम पर किसी के साथ भेद-भाव नहीं करेगा। सभी नागरिकों को अपने इच्छा अनुसार धर्म मानने उसके मान्यता के अनुसार आचरण करने, प्रचार-प्रसार करने और धर्म परिवर्तन करने का अधिकार देगा।

सम्प्रदायिकता क्या है।

* Ans→ सम्प्रदायिता भारत के लिए गंभीर समस्या है। सम्प्रदायिकता का तात्पर्य अपने धर्म को श्रेष्ठ बताकर दूसरे धर्म को नीचा दिखाने की प्रवृति है। दूसरे शब्दों में जो स्वून देशहित

Teacher's Signature ....

में रहना चाहिए। यदि वह स्कूल मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर उसकी रक्षा के लिए रहता है उसे सम्प्रदायिकता कहते है।

राजनीति में धर्म कब समस्या बन जाती है।

* राजनीति में धर्म तब समस्या बन जाती है जब

As → धर्म को राष्ट्र का आधार मान लिया जाता है।

(i) राजनीति में धर्म की अभिव्यक्ति एक समुदाय

(ii) विशेष की विशिष्टता के लिए की जाती है।

राजनीति किसी धर्म विशेष को अधिक महत्व

(iii) देती है।

किसी धर्म विशेष समुदाय के लोग दूसरे धर्म

(iv) विशेष के समुदाय के खिलाफ मोर्चा खोल देते है।

लैंगिक विभिन्नता क्या है।

* जब लिंग (स्त्री, पुं०) के आधार पर भेदभाव की

As → जाती है, उसे लैंगिक विभिन्नता या समानता कहते है। यह विभिन्नता आज भी समाज में विद्यमान है। लैंगिक विभिन्नता में हम स्त्री और पुरुष के लैंगिक बनावट की ओर ध्यान नहीं देते है। बल्कि इन दोनों के बारे में प्रचलित रूढ़ीवादी छवियों और समाजिक भूमिका के बारे में विवेचना करते है।

Teacher's Signature ....

SAGAR
Page No.
Date

* भारत में विधायिकाओं में महिलाओं की प्रतिनिधित्व की स्थिति क्या है।

Ans → भारत के लोकसभा में महिला प्रतिनिधियों की सं० वर्तमान में लगभग 59 हो गई है फिर भी इसका प्रतिशत 11% से भी कम है। ऐसे विकसित या विकासशील किसी भी देश में महिला प्रतिनिधि की संख्या संतोष जनक नही है। वर्तमान में जो महिला प्रतिनिधि है भी तो इसमें कुछ का पारिवारिक पृष्ठभूमि अपराधिक है। लेकिन चुनाव आयोग के द्वारा उठाये गए कठोर कदमों से कुछ बदलाव आया है। अभी फिलहाल में महिला प्रतिनिधि है उसमें महिला लगभग स्नातक पास है।

* चुनाव की जातियता में ह्रास की प्रवृत्ति कब आती है।

Ans → चुनाव की जातियता में ह्रास की प्रवृत्ति जब आती है तब किसी भी निर्वाचन क्षेत्र का गठन इस प्रकार नही किया गया है कि उसमें एक ही जाति का मतदाता हो। ऐसे हो सकता है। किसी खास निर्वाचन में किसी खास जाति के मतदाताओं की संख्या अधिक हो। परंतु वैसे निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य जाति के

Teacher's Signature .....

Scanned with CamScanner

मतदाता निर्णायक भूमिका में होते हैं।

(i) यह भी कहना ठीक नहीं होगा कि कोई पार्टी विशेष एक जाति के मत हासिल कर सत्ता में आता है। जब हम कहते हैं कि किसी जाति विशेष के मतदाता वोट बैंक को मानते हैं तो इसका मतलब यह होता है कि उस जाति के अधिकतर मतदाता उस पार्टी को ही वोट देते हैं।

(ii) अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में किसी एक जाति विशेष की सं० अधिक हो तो चुनाव लड़ रहे सभी पार्टियाँ उस जाति विशेष को टिकट देते हैं।

(iii) अगर जाति भावना स्थायी और अटूट होता तो जातियाँ गोलबंदी पर सत्ता में आने वाली पार्टी की कभी हार नहीं होती हैं।

पाठ → 2

×—×—×—×

* संघीय शासन व्यवस्था किसे कहते हैं और इसकी कौन - कौन सी विशेषताएँ हैं।

Ans - संघीय शासन व्यवस्था उस शासन व्यवस्था को कहते हैं जिसमें दोहरी सरकार की व्यवस्था हो और दोनो सरकारों के अधिकार एवं कार्य संविधान में ही अलग- अलग सूचियों में विभाजित कर दिया गया हो।

SAGAR
Page No.
Date

विशेषताएँ →

(i) इसमें दोहरी सरकार होती है। एक केन्द्रीय सरकार और दूसरा प्रांतिय सरकार।

(ii) इसके अधिकार कार्य संविधान के सूचियों में ही बाँट दिया गया होता है।

(iii) दोनो सरकारे एकही नागरिक समुदाय पर शासन करते है।

(iv) इसमें एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका की व्यवस्था रहती है।

(v) संघीय व्यवस्था में दोनों स्तर की सरकार एक लिखित संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार चलाए जाते है।

* संघीय शासन व्यवस्था का गठन कैसे होता है।

Ans → संघीय शासन व्यवस्था का गठन दो तरीके से होता है।

(i) जब कई स्वतंत्र एवं सम्प्रभु राज्य आपस में मिलकर एक समान्य सम्प्रभुता का निर्माण करते है तो उसे संघ राज्य का गठन होता है। जैसे → संयुक्त राज्य अमेरिका, आस्ट्रेलिया, सोवियत संघ एवं स्वीटजरलैण्ड, भारत।

इस व्यवस्था में राज्यों की शक्तियाँ अधिक और केन्द्र की

Teacher's Signature .....

Scanned with CamScanner

शक्तियाँ कम होती है।

(ii) जब कोई बड़ा स्वतंत्र सम्प्रभु राज्य अपनी प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से कई इकाई प्रांतो में या स्थानीय निकायों में बाँट देता है तो संघ राज्य का गठन होता है। जैसे→भारत इसमे केन्द्र की शक्तियाँ अधिक और इकाई प्रांतो की शक्तियाँ कम होती है।

* सत्ता का क्षैतिज वितरण क्या है।

Ans→ सरकार के एक ही स्तर पर सत्ता के बँटवारे को सत्ता का क्षैतिज वितरण कहते है।
जैसे→ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका

* सत्ता का उर्ध्वाधर वितरण क्या है।

Ans→ सरकार के विभिन्न स्तरों पर सत्ता के बँटवारे को सत्ता का उर्ध्वाधर वितरण कहते है।
जैसे→ केन्द्रसरकार, प्रांतीय सरकार, और स्थानीय सरकार।

* भारतीय संविधान में कानून बनाने के लिए कितनी सूचियाँ बनाई गई है।

Ans→ भारतीय संविधान में कानून बनाने के लिए तीन सूचियाँ बनाई गई है।

(i) संघ सूचि → जिन विषयों पर कानून बनाने का अधिकार संसद (केंद्रीय सरकार) सरकार हो उसे संघ सूचि कहते है। संघ सूचि के अंतर्गत

Teacher's Signature
Scanned with CamScanner

Page No.
Date

आनेवाली सभी विषय राष्ट्रीय महत्व के विषय होते है।
जैसे → सुरक्षा, रेलवे, विदेश एंड्भास, टेक्नोलॉजी पेन्शन आदि।
राज्य सूचि → जिन विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य विधानमण्डल (प्रांतीय सरकार) का हो उसे राज्य सूचि कहते है। राज्य सूचि के अंतर्गत कुल 47 विषय रखे गए है। इसके अतंर्गत आने वाले विषय क्षेत्रीय महत्व के विषय होते है।
जैसे → पुलिस, न्याय, कृषि, सिंचाई इत्यादि।
समवर्ती सूचि → जिन विषयों पर कानून बनाने का अधिकार संसद (केन्द्रीय सरकार) और राज्य विधानमंडल (प्रांतीय सरकार) दोनों का हो उसे समवर्ती सूचि कहते है। इसके अंतर्गत आनेवाले सभी विषय राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय महत्व के होते है। इसमें कुल 66 विषय रखे गए है।
जैसे → शिक्षा, बिजली, तलाक, शादी-विवाह, वसीयत आदि।
अवशिष्ट सूचि क्या है।
Ans → संविधान में वर्णित कुल 210 विषयों के अतिरिक्त विषय शेष रह गए है उसे अवशिष्ट सूचि कहते है। जिस पर कानून बनाने का अधिकार (केन्द्रीय सरकार) संसद को होता है।

Teacher's Signature ....

* गठबंधन की सरकार किसे कहते है।
Ans → जब दो या दो से अधिक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल आपस में मिलकर चुनाव लड़ती हैं या चुनाव के उपरांत सरकार का गठन करती है तो उसे गठबंधन की सरकार कहते है। सत्ता में साझेदारी या हिस्सो का तातकालिक रूप इसमें दिखाई देती है, क्योंकि गठबंधन में विभिन्न विचार धाराओं विभिन्न सामाजिक समूहो और विभिन्न क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय हितोंवाले राजनीतिक दल एक साथ एकसमय में सत्ता में साझेदारी करते है।
* सत्ता का विकेन्द्रीकरण से आप क्या समझते है।
Ans → राजनीतिक सत्ता को विभिन्न स्तरों पर विभाजित करना सत्ता का विकेन्द्रीकरण कहलाता है।
जैसे → केन्द्रीय सरकार, प्रांतीय सरकार, और स्थानीय सरकारों के बीच सत्ता का विभाजन।

Teacher's Signature ....

Scanned with CamScanner

अर्थशास्त्र इकाई 01

Page No.
Date

अर्थ व्यवस्था किसे कहते हैं।

* अर्थव्यवस्था उस तंत्र को कहते हैं जिसके अंतर्गत
Ans → भिन्न-भिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाओं का संपादन किया जाता है।

जैसे → नौकरी, व्यापार।

इन आर्थिक क्रियाओं से विभिन्न प्रकार की वस्तुओं एवं सेवाओं का सम्पादन करती है और दूसरी ओर लोगों के रोजगार को अवसर प्रदान करती है ताकि वे आवश्यकता की संतुष्टि हेतु देश में उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं को क्रय कर सकें।

उपनिवेश क्या है।

* जब कोई देश किसी बड़े सामर्थ्यशाली
Ans → देश के शासन को अंतर्गत रहता है और समस्त आर्थिक एवं व्यावसायिक कार्यों का निर्देशन एवं नियंत्रण शासक देश का होता है तो उस शासित देश को शासक देश का उपनिवेश कहा जाता है।

जैसे → भारत ब्रिटेन का उपनिवेश था।

* अर्थ व्यवस्था कितने प्रकार के होते हैं।

अर्थ व्यवस्था तीन प्रकार के होते हैं।
Ans →

Teacher's Signature ....

i) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था → जब उत्पादन के साधनों पर किसी खास व्यक्ति या कुछ व्यक्ति समूह का नियंत्रण एवं स्वामित्व हो तो उसे पूँजीवादी अर्थव्यवस्था कहते हैं।
जैसे → अमेरिका, जापान, जर्मनी आदि।

ii) समाजवादी अर्थव्यवस्था → जब उत्पादन के साधनों पर सबका या सरकार का स्वामित्व एवं नियंत्रण हो उसे समाजवादी अर्थव्यवस्था कहते हैं।
जैसे → रूस, चीन, वियतनाम, क्यूबा, उत्तरी कोरिया, दक्षिणी कोरिया।

iii) मिश्रित अर्थव्यवस्था → जब उत्पादन के साधनों पर किसी खास व्यक्ति कुछ व्यक्ति समूह और सरकार दोनों का स्वामित्व और नियंत्रण हो तो उसे मिश्रित अर्थव्यवस्था कहते हैं।
जैसे → भारत।

* सतत विकास क्या है।
Ans → सतत विकास की वह प्रक्रिया है जो हमेशा जारी रहता है और टिकाऊ होता है। वर्तमान और भविष्य में विकास की प्रक्रिया रुकती नहीं है उसे सतत विकास कहते हैं।

* आर्थिक नियोजन क्या है।
Ans → आर्थिक नियोजन राष्ट्र के प्राथमिकताओं के अनुसार देश में उपलब्ध संसाधनों को विकास कार्यों में उपयोग करना है। किसी भी देश का आर्थिक एवं सामाजिक विकास नियोजन के अभाव में नहीं हो सकता है भारत में अभी 11वीं योजना चल रहा है।

* समावेशी विकास क्या है।
Ans → समावेशी विकास आर्थिक विकास की उस प्रक्रिया को कहते हैं जिसे आर्थिक विकास के लाभ से वंचित न करें।

* योजना आयोग क्या है।
Ans → योजना आयोग का गठन 15 मार्च 1950 ई० को हुआ था। इसका पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। इसमें कुल 8 सदस्य होते हैं। इसका मुख्य कार्य देशों में उपलब्ध संसाधनों को विकास कार्यों के लिए निर्देशित करना है।

* राष्ट्रीय विकास परिषद क्या है।
Ans → राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना 6 अगस्त 1952 ई० को हुआ था। इस का

पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं।

भारत के सभी प्रांतों के मुख्यमंत्री और केन्द्र शासित प्रदेश के प्रशासक इस के पदेन सदस्य होते हैं। इसका मुख्य कार्य आर्थिक नियोजन हेतु राज्य सरकारों तथा योजना आयोग के बीच तालमेल तथा सहयोग का वातावरण बनाना है। योजना आयोग द्वारा तैयार की गई योजनाओं को अनुमोदित करना भी इसका मुख्य कार्य है।

* वस्तु विनिमय प्रणाली क्या है।

वस्तुओं से वस्तुओं के लेन-देन को वस्तु विनिमय प्रणाली कहते हैं लेन-देन का यह प्रणाली अति प्राचीन है।

* मौद्रिक (मुद्रा) विनिमय प्रणाली क्या है।

रूपये-पैसे (मुद्रा) के द्वारा वस्तु के लेन-देन को मौद्रिक विनिमय प्रणाली है। यह लेन-देन का सबसे आधुनिक प्रणाली है।

* राष्ट्रीय आय क्या है।

एक साल के भीतर जितनी भी वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन के कुल मूल्य के योग को राष्ट्रीय आय कहते हैं।

Teacher's Signature .....

* प्रति व्यक्ति आय क्या है।

Ans→ कुल राष्ट्रीय आय में जनसंख्या से भाग देने पर जो भागफल प्राप्त है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। किसी भी देश के प्रति व्यक्ति आय का आर्थिक एवं कम होना उस देश के विकसित और विकसित होने का संकेत देता है।

* मानव विकास रिपोर्ट क्या है।

Ans→ संयुक्त राष्ट्र संघ विकास कार्यक्रम के द्वारा महबूब उल हक के द्वारा मानव के विकास को जो रिपोर्ट तैयार किया गया था। उसे मानव विकास रिपोर्ट कहते हैं इन्होंने मानव के विकास का रिपोर्ट तीन बिंदुओं पर तैयार किया गया था। (i) जीवन के प्रति आशा, (ii) शैक्षणिक स्तर, (iii) जीवन स्तर

* आधार भूत संरचना क्या है।

Ans→ आधार भूत संरचना का तात्पर्य उन सुविधाओं तथा सेवाओं से है जो देश के आर्थिक विकास में सहायता करते हैं, जैसे बिजली, सड़क, परिवहन, संचार विद्यालय, विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, बैंकिंग, सुविधा इत्यादि।

Scanned with CamScanner

किसी भी देश के आर्थिक विकास में इस का बहुत योगदान होता है। जिस देश का आधारभूत संरचना जितना ही मजबूत होता है वह देश उतना ही विकसित होता और जिस देश का आधारभूत संरचना जितना ही कमजोर होता है वह देश उतना ही अविकसित होता है।

* गरीबी रेखा क्या है।

Ans→ गरीबी के निर्धारण के लिए भारत के योजना आयोग द्वारा एक सीमा रेखा निर्धारित की गई है, जिसका आधार भोजन में मिलने वाली कैलोरी ऊर्जा का आधार बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2400 कैलोरी ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति कैलोरी ऊर्जा निर्धारित की गई है 2100 इस सीमा रेखा से ऊपर के व्यक्ति या परिवार को APL और उसके नीचे रहने वाले व्यक्ति या परिवार को BPL कहते हैं।

* मनरेगा क्या है।

Ans→ मनरेगा केन्द्र प्रवर्त एक योजना है जिसका पुराना नाम नरेगा था। जिसका पूरा नाम महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम है। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले काम करने के इच्छुक बेरोजगार व्यक्ति, व्यक्तियों को साल में 100 दिन काम देने की व्यवस्था है। काम का प्रबंध करने की जिम्मेवारी स्थानिय निकायों की है। काम नहीं देने पर इसे भत्ता देने की व्यवस्था किया गया है।

* बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के कौन-कौन से कारण है तथा इसे दूर करने के उपाय को बतावें।

Ans- बिहार में आर्थिक पिछड़ेपन के निम्न करण है।

(i) तीव्र गति से बढ़ती हुई आबादी।
(ii) आधारभूत संरचना का अभाव।
(iii) बिहार में प्रतिवर्ष बाढ़ या सुखाड़ स्थिति।
(iv) कृषि पर जनसंख्या पर बढ़ता हुआ अभार।
(v) लघु एवं कुटीर उद्योगों का अभाव।
(vi) बिहार के बिगड़ी हुई विधि व्यवस्था।
(vii) कुशल राजनीति नेतृत्व का

इसे दूर करने के उपाय:-
(i) बढ़ती हुई आबादी पर प्रभावकारी नियंत्रण।

Teacher's Signature .....

कृषि में आर्थिक विकास कर इसे रोका जा सकता है।

(ii) बाढ़ और सुखाड़ पर नियंत्रण कर इसे रोका जा सकता है।

(iii) आधारभूत संरचना का विकास कर इसे दूर किया जा सकता है।

(iv) उद्योग धंधों का विकास कर इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

(v) राज्य में कानून व्यवस्था दुरुस्त कर इसे रोका जा सकता है।

(vi) स्वच्छ एवं ईमानदार प्रशासन स्थापित कर इसे दूर किया जा सकता है।

(vii) केन्द्र से मिलने वाला अनुदान तथा संसाधनों को अधिक मात्रा में स्थानांतरण कर इसे रोका जा सकता है।

* कृषि जनित उद्योग किसे कहते हैं।

Ans → कृषि जनित उद्योग उस उद्योग को कहते हैं जिस उद्योग को चलाने के लिए कच्चे माल का उत्पाद कृषि से होता है।

जैसे → चीनी उद्योग, जूट उद्योग, सूती वस्त्र उद्योग, तेल- घानी उद्योग, चावल- आटा उद्योग।

Teacher's Signature ....

* क्या प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि राष्ट्रीय आय को प्रभावित करती है। वर्णन करें।

Ans → राष्ट्रीय आय एवं प्रति व्यक्ति आय में परिवर्तन होने से इसका सीधा प्रभाव लोगों के जीवन पर पड़ता है। राष्ट्रीय आय वास्तव में देश के अंदर एक वर्ष में वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन के कुल मूल्य के योग को कहते हैं। लेकिन उत्पादन में वृद्धि तभी होगी। जब उत्पादन क्रिया में अधिक से अधिक श्रमिक लगाये जाएंगे। जैसे- जैसे उत्पादन में वृद्धि होगी। वैसे- वैसे बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। श्रमिकों का वेतन बढ़ेगा। उस की आय बढ़ेगी तथा उसके जीवन स्तर में सुधार होगा।

पाठ → 3

x—x—x—x

* वस्तु विनिमय क्या है।

Ans → वस्तु विनिमय लेन- देन का अति प्राचीन प्रणाली है। जिसमें वस्तुओं से वस्तुओं का लेन- देन किया जाता है।

* मौद्रिक विनिमय प्रणाली क्या है।

Ans → मौद्रिक विनिमय प्रणाली आधुनिक लेन- देन की प्रणाली है इस प्रणाली में मुद्रा यानी रुपये पैसे के द्वारा वस्तुओं का लेन- देन

Teacher's Signature ....

किया जाता है।

* मुद्रा की परिभाषा क्या है।

Ans → मुद्रा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विधि ग्राह वस्तु है। दूसरे शब्दों में मुद्रा वह है जो लेन - देन का कार्य करता है।

* A.T.m क्या है।

Ans → A.T.m का पूरा नाम (Automatic tellar machime) यह एक प्लास्टिक का कार्ड है। जिसमें एक गुप्त अंक होता है। जिसके माध्यम से किसी भी बैंक के A.T.m काउंटर से पैसे का निकासी किया जाता है। इसके माध्यम से 24 घंटा पैसे निकालने की सुविधा है।

* क्रेडिट कार्ड क्या है।

Ans → यह एक प्लास्टिक मुद्रा है दुनिया के प्रसिद्ध केड्रिट कार्डों में वीज़ा, मास्टर कार्ड, अमेरिकन एक्सप्रेस प्रसिद्ध है। इसके अंतर्गत ग्राहक की वित्तिय स्थिति को देखते हुए बैंक उन की शाख की एक राशि निर्धारित कर देते है। जिसके अंतर्गत ग्राहक क्रेडिट कार्ड के माध्यम से निर्धारित राशि के अंदर वस्तुओं एवं सेवाओं को खरीद सकें।

* बचत क्या है।

Ans → आय एवं व्यय के बीच के अंतर को बचत कहते हैं। बचत दो प्रकार के होता है।

(i) नगद बचत

(ii) वस्तु बचत

* साख क्या है।

Ans → साख का शाब्दिक अर्थ है विश्वास या भरोसा जिस व्यक्ति पर जितना ही विश्वास या भरोसा अधिक होता है उसकी साख उतनी ही अधिक होती है। लेकिन अर्थ शास्त्र में शाख का मतलब किसी भी तरह के ऋण या उधार को चुकाने की क्षमता से है। ऋण या उधार वादे किए गए निश्चित अवधि में चुकाने से शाख बढ़ जाता है।

* वस्तु विनिमय प्रणाली की कठिनाईयों पर प्रकाश डालें।

Ans → वस्तु विनिमय प्रणाली में निम्न कठिनाईयाँ निम्न है।

(i) लेन - देन के दोहरे संयोग का अभाव → आवश्यकता के दोहरे संयोग का मतलब एक की जरूरत दूसरे जरूरत से मेल खाती है या नहीं ऐसा समय बड़ी संयोग से ही जुटता है।

मूल्य मापने में कठिनाई → वस्तु विनिमय प्रणाली के समय कोई ऐसा सर्वमान्य मापक नहीं था। जिसकी सहायता से सभी प्रकार की वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य को मापा जा सके।
जैसे → एक सेर घी के लिए कितना चावल दिया जाए।

मूल्य संचय का आभाव :→ वस्तु विनिमय प्रणाली में वस्तुओं को अधिक दिन तक संचय कर के रखने में कठिनाई होती थी। व्यवहार में लोग कुछ ऐसी वस्तुओं का उत्पादन करते थे। जो शीघ्र नष्ट हो जाते थे।
जैसे → फल, सब्जी, मछली इत्यादि। इसे अधिक दिन तक संचय कर के रखना संभव नहीं था।

(v) सह विभाजन में कठिनाई → कुछ वस्तुएँ ऐसी होती हैं जिसको विभाजित नहीं किया जा सकता क्योंकि विभाजित करने से उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। उदाहरण के लिए एक गाय को दो लोगों के बीच का विभाजन। जबकि गाय को दो टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं। उसके दो टुकड़े करने से ~~अ~~ उसकी उपयोगिता नष्ट हो जाएगी।

(vi) भविष्य के भुगतान की कठिनाईयाँ → वस्तु विनिमय प्रणाली में उधार लेन-देन करने में कठिनाई होती थी। जैसे, कोई अपनी व्यक्ति अपनी गाय को दो वर्षों के लिए दूसरों को देता है। और अवधि समाप्त होने पर उसे लौटा देता है तो लेनेवाले को फायदा एवं देनेवाले को घाटा होता है।

* वस्तुएँ कितने प्रकार के होते हैं।
Ans → वस्तुएँ दो प्रकार के होते हैं।
(i) टिकाऊँ वस्तुएँ → जिन वस्तुओं का उपयोग लंबे समय तक किया जाता है। उसे टिकाऊँ वस्तुएँ कहते हैं।
जैसे → मोटरगाड़ी, कपड़ा, मकान
(ii) गैर टिकाऊँ वस्तुएँ → जिन वस्तुओं का उपयोग केवल एक ही बार किया जाता है उसे गैर-टिकाऊँ वस्तुएँ कहते हैं।
जैसे → बीज और खाद्य पदार्थ

* मुद्रा के आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालें।
Ans → आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा का काफी महत्व है, यदि मुद्रा को समाज से हटा दिया जाए तो हमारी सारी अर्थव्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाएगी। यदि मुद्रा नहीं होता है दुनिया का इतना आर्थिक विकास नहीं होता

होता है। अर्थव्यवस्था का स्वरूप जो भी (पूँजीवादी, समाजवादी और मिश्रित) सभी में मुद्रा आर्थिक विकास के मार्ग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।

* **साख पत्र कितने प्रकार के होते हैं कुछ प्रमुख साख पत्रों का उल्लेख करें।**

Ans → साख पत्र आठ प्रकार के होते हैं।

(i) चेक
(ii) बैंक ड्राफ्ट
(iii) विनिमय बिल
(iv) हुंडी
(v) प्रतिज्ञा पत्र
(vi) यात्री चेक
(vii) फुस्तकीय साख
(viii) साख प्रणाम पत्र

(1) चेक → चेक सबसे अधिक प्रचलित साख पत्र है। चेक एक प्रकार का लिखित आदेश है जो बैंक में रुपया जमा करने वाला अपने बैंक को देता है। उसमें लिखित रकम चेक पर अंकित व्यक्ति को दे दिया जाए।

(2) बैंक ड्राफ्ट → एक ऐसा साख पत्र है जो एक बैंक अपनी किसी शाखा या एक अन्य बैंक को आदेश देता है कि उस पत्र में लिखी हुई रकम उसमे अंकित नाम के व्यक्ति को दे दिया जाए।

(3) यात्री चेक → यह एक साख पत्र है जो जिसे कोई भी यात्री बैंक में निश्चित रकम जमा कर प्राप्त कर सकता है। इस चेक पत्र पर एक निश्चित रकम छपी रहती है। यात्री संबंधित बैंक के किसी भी शाखा में इस चेक को प्रस्तुत कर मुद्रा प्राप्त कर सकता है। इस चेक पर यात्री के हस्ताक्षर के नमूने छपे रहते हैं।

(4) प्रतिज्ञा पत्र → यह एक ऐसा साख पत्र है जिस पत्र में ऋणी की मांग पर या किसी एक निश्चित अवधि के बाद उसमें अंकित रकम ब्याज सहित देने का वादा किया जाता है।

शब्द संक्षेप

x — x — x — x — x

1. G.D.P → Gross Domestic Product.
2. P.C.I → Per capita Income.
3. N.S.S.O → National Sample Survey Organisation.
4. C.S.O → Central Statistical Organisation
5. G.N.P → Gross National Product.
6. N.N.P → National Net Product.
7. N.I → National Income
8. E.D.I → Economic Development Income

Class-X
Economics
Objective

1. भारतीय संदर्भ में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान कैसा हुआ
उ० - घटता गया

2. भारत में योजना आयोग का गठन कब किया गया
उ० 15 मार्च 1950

3. भारत में ~~योज~~ प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ कब हुआ?
उ० 1951-1956

4. भारत की अर्थव्यवस्था कैसी है?
उ० मिश्रित

5. भारत में नीति आयोग का गठन कब हुआ?
उ० - 2015

6. बिहार में किसकी प्रधानता है?
उ० कृषि की।

7. बिहार की कितनी प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है?
उ० 80%

8. भारतीय अर्थव्यवस्था के कितने क्षेत्र हैं?
उ० तीन (I) प्राथमिक क्षेत्र - कृषि, पशुपालन, वन
(II) द्वितीयक क्षेत्र - उद्योग, निर्माण, गैस बिजली
(III) तृतीयक - सेवा, बैंक, संचार, व्यापार, परिवहन

प्रधानाध्यापक

Scanned with CamScanner

9. ~~भारत~~ विश्व में कितने तरह की अर्थव्यवस्था पायी जाती है ?
उ० - तीन (i) पूँजीवादी, (ii) समाजवादी (iii) मिश्रित
10. योजना आयोग के अध्यक्ष कौन होता है ?
उ० प्रधान मंत्री ।
11. आर्थिक विकास का गैर आर्थिक कारक कौन है ?
उ० - तकनीकी विकास ।
12. आर्थिक विकास एवं भौतिक विकास एक दूसरे के है -
उ० पूरक ।
13 मनरेगा ~~(मनरेगा)~~ में कितने दिनों तक काम देने की व्यवस्था है ?
उ० 100 दिन
14. मनरेगा का पूरा नाम क्या है ?
Mahatma Gandhi Gramin Rojgar Gaurantee Act (Mahatma gandhi Rural Employment Gaurantee Act)
15. भारत की अर्थव्यवस्था कैसी है ?
उ० मिश्रित ।
16 राष्ट्रीय विकास परिषद का गठन कब हुआ ?
उ० ~~6 अगस्त 1952 ई०~~ 6 अगस्त 1952
17. विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश —
उ० संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली, ब्रिटेन, रूस, जापान
18. विकासशील देश - भारत, चीन,
19 अविकसित देश - पाकिस्तान नेपाल, श्रीलंका, वर्मा
20 अंग्रेजों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को किया
उ० शोषण ।
21 ऊर्जा का मुख्य स्रोत है — कोयला, पेट्रोलियम, विद्युत
22. स्वतंत्रता पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था क्या थी -
उ० - कृषि प्रधान

Scanned with CamScanner

23. राष्ट्रीय आय में क्या-क्या सम्मिलित रहती है?
उ०- घरेलू उद्योग की आय + विदेशों से प्राप्त आय।
24. राष्ट्रीय आय का सृजन होता है
उ०- उत्पादन क्रियाओं द्वारा।
25. राष्ट्रीय आय समतुल्य होता है।
उ०- उपभोग व्यय और विनियोग के योग के।
26- भारत में वित्तीय वर्ष कहा जाता है।
उ० 1 अप्रैल से 31 मार्च तक
27. भारत में किस राज्य का प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है?
उ०- गोवा का
28. बिहार के किस जिले का प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है?
उ०- पटना का।
29. राष्ट्रीय आय की गणना सर्वप्रथम कब और किसके द्वारा किया गया था?
उ० 1868 ई० मे दादाभाई नौरोजी द्वारा।
30. निम्न का पूर्ण रूप लिखें:-

- G.D.P.→ Gross development product.
- P.C.I.→ Per Capita Income.
- N.S.S.O.→ National Sample ~~Servey~~ Survey Organisation
- C.S.O→ Central Statistical Organisation.
- G.N.-P.→ Gross National product.
- N.N.-P.→ Net National product.
- N.I.→ National Income.
- E.D.I→ Economic Development Index.

प्रधानाध्यापक

Scanned with CamScanner

31. बिहार के किस जिले का प्रति व्यक्ति आय कम है?
उ० - शिवहर का।
32. बिहार की अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का मुख्य अंग है
उ० - कृषि।
33. किसी राज्य के नागरिकों का जीवन स्तर किस पर निर्भर करता है?
उ० - शुद्ध घरेलू उत्पाद पर + सकल घरेलू उत्पाद पर
34 उत्पादन गणना विधि का प्रयोग सर्वप्रथम किस देश ने किया था?
उ० - ब्रिटेन में।
35. राज्य घरेलू उत्पाद का आकलन कैसे किया जाता है?
उ० - स्थिर मूल्य पर + वर्तमान मूल्य पर।
36. आय वह पारिश्रमिक है जो मिलता है।
उ० - शारीरिक एवं मानसिक श्रम से।
37 - श्रम का पारिश्रमिक है -
उ० - मजदूरी
38 - पूँजी का पारिश्रमिक है -
उ० - ब्याज।
39. भूमि का पारिश्रमिक है -
उ० - लगान।
40 प्रबंधन का पारिश्रमिक है
उ० - वेतन।
41 - मालिक को मिलने वाला हिस्सा है
उ० - लाभ।
42 - भारत में किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय कम है?
उ० - बिहार।

Scanned with CamScanner

प्रश्न → अर्थ व्यवस्था किसे कहते है ?
उ० → अर्थ व्यवस्था एक ऐसा यंत्र या ढाँचा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाओं का सम्पादित की जाती है। जैसे - कृषि, उद्योग, व्यापार बैंकिंग, बीमा, परिवहन तथा संचार आदि। ये आर्थिक क्रियाएँ एक ओर तो विभिन्न प्रकार की वस्तुएं एवं सेवाओं का सम्पादन करते है। तो दूसरी ओर लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करती है, ताकि वे अपनी आवश्यकताओं की संतुष्टि हेतु देश में उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं का क्रय कर सके।

प्रश्न → उपनिवेश क्या है ?
उत्तर → जब कोई भी देश किसी बड़े समृद्धशाली राष्ट्र के शासन के अन्तर्गत रहता है और उसके समस्त आर्थिक एवं व्यावसायिक कार्यों का निर्देशन एवं नियंत्रण शासक देश का होता है तो ऐसे शासित देश को शासक देश का उपनिवेश कहा जाता है। जैसे भारत, ब्रिटेन का उपनिवेश था।

प्रश्न → अर्थ व्यवस्था कितने प्रकार के होते हैं ?
उत्तर → अर्थव्यवस्था तीन प्रकार के होते हैं। प्रधानाध्यापक
(i) पूँजीवादी अर्थ व्यवस्था (Capitalist Economy)
जिस अर्थ व्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर निजी व्यक्ति या कुछ व्यक्ति समूह का स्वामित्व एवं नियंत्रण हो तो उसे पूँजीवादी अर्थ व्यवस्था कहते हैं। जैसे - अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया आदि।

Scanned with CamScanner

(ii) समाजवादी अर्थव्यवस्था (Socialist Economy) जिस अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर देश की सरकार की हो तो उसे समाजवादी अर्थव्यवस्था कहते हैं। जैसे रूस, वियतनाम, उत्तर कोरिया चीन, क्यूबा विगत वर्षों में भूमंडलीकरण एवं उदारीकरण के कारण समाजवादी अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदलने लगा है।

(iii) मिश्रित अर्थव्यवस्था (Mixed Economy) :- जिस अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर निजी व्यक्ति समूह एवं सरकार दोनों का स्वामित्व एवं नियंत्रण हो तो उसे मिश्रित अर्थव्यवस्था कहते हैं। जैसे भारत।

प्रश्न → अर्थव्यवस्था की संरचना या ढाँचे को कितने क्षेत्रों में बाँटा गया है?

उत्तर → तीन क्षेत्रों में बाँटा गया है।

(i) प्राथमिक क्षेत्र → इसे कृषि क्षेत्र भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गत - कृषि, पशुपालन, मछली पालन, बागवानी, वन इत्यादि

(ii) द्वितीयक क्षेत्र → इसे औद्योगिक क्षेत्र भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गत - खनिज, व्यवसाय, निर्माण कार्य, गैस, बिजली इत्यादि

(iii) तृतीयक क्षेत्र → इसे सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गत बैंक एवं बीमा, संचार, परिवहन एवं व्यापार इत्यादि आते हैं।

प्रश्न → सतत विकास क्या है?

उत्तर → विकास की वह प्रक्रिया जो शाश्वत चलता रहे, टिकाऊ बना रहे। सतत विकास प्रक्रिया में न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि भावी पीढ़ी के विकास को भी ध्यान में रखा जाता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न → आर्थिक नियोजन क्या है?

उत्तर → आर्थिक नियोजन का अर्थ राष्ट्र की प्राथमिकताओं के अनुसार देश के संसाधनों का विभिन्न विकासात्मक क्रियाओं में प्रयोग करना है। भारत अभी 10 पंचवर्षीय योजनाओं को पूरी कर चुका है तथा अब ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत विकास कर रहा है। भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना 1951-56 तक बनाया गया था।

प्रश्न → समावेशी विकास क्या है?

उत्तर → आर्थिक विकास की वह प्रक्रिया या पद्धति जिससे समाज के सभी वर्गों का जीवन स्तर ऊँचा उठता जाए तथा समाज का कोई भी वर्ग विकास के लाभ से अछूता नहीं रहे। तो उसे समावेशी विकास कहते हैं।

प्रश्न → आधारभूत संरचना क्या है?

उत्तर → आधारभूत संरचना का तात्पर्य उन सुविधाओं एवं सेवाओं से है जो देश के आर्थिक विकास में सहायक होते हैं। जैसे— बिजली, परिवहन, संचार, बैंकिंग, स्कूल, अस्पताल इत्यादि। किसी भी देश का आर्थिक विकास उस देश के आधारभूत संरचना पर निर्भर करता है। जिस देश का आधारभूत संरचना जितना मजबूत होता है उस देश का आर्थिक विकास भी अधिक होता है।

प्रश्न → प्रति व्यक्ति आय क्या है?

उत्तर → कुल राष्ट्रीय आय में कुल जनसंख्या से भाग देने पर जो भागफल आता है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं।

प्रधानाध्यापक

प्रश्न → राष्ट्रीय आय किसे कहते हैं?

उत्तर → एक साल के भीतर देश में जितनी वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन होता है उसके कुल मूल्य के योग को राष्ट्रीय आय कहते हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न → राष्ट्रीय विकास परिषद् क्या है?

उत्तर → राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन 6 अगस्त 1952 ई. को किया गया था। इसका पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासक इसका पदेन सदस्य होते हैं। इसका उद्देश्य आर्थिक नियोजन हेतु राज्य सरकारों तथा योजना आयोग के बीच तालमेल तथा सहयोग का वातावरण बनाने के लिए किया गया है। पंचवर्षीय योजना बनाने का कार्य योजना आयोग का है और अन्त में यह राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा अनुमोदित (approved) होता है।

प्रश्न → योजना आयोग क्या है?

उत्तर → योजना आयोग का गठन 15 मार्च 1950 ई० को किया गया था। प्रधान मंत्री इसका पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसका काम काज एक उपाध्यक्ष की देखरेख में होता है। इसमें कुल 8 सदस्य होते हैं।

प्रश्न → मानव विकास रिपोर्ट क्या है?

उत्तर → मानव विकास रिपोर्ट के द्वारा विभिन्न देशों के लोगों की तुलना लोगों के शैक्षिक स्तर, उनकी स्वास्थ्य की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय की जानकारी प्राप्त की जाती है। यह रिपोर्ट पहली बार संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा प्रकाशित की गयी थी।

मानव विकास सूचकांक = जीवन आशा + शिक्षा का स्तर + जीवन स्तर।

प्रश्न → मनरेगा क्या है?

उत्तर → मनरेगा (MNREGA) का पुरा नाम Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act) है। इसके अन्तर्गत ग्रामीण मजदूरों को साल में 100 दिन काम देने की व्यवस्था है। इसके लिए न्यूनतम मजदूरी निर्धारित है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न → आर्थिक विकास क्या है? आर्थिक प्रगति (विकास) (Economic progress) और आर्थिक वृद्धि (Economic growth) में क्या अंतर है?

उत्तर → आर्थिक विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा दीर्घ काल में किसी अर्थव्यवस्था की वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।

साहित्यिक दृष्टि से विकास एवं वृद्धि में कोई फर्क नहीं है। अर्थशास्त्र विकास और वृद्धि में फर्क करता है। आर्थिक वृद्धि शब्द का प्रयोग आर्थिक दृष्टि से विकसित राष्ट्रों के संबंध में किया जाता है, जब कि विकास (प्रगति) शब्द का प्रयोग अविकसित एवं विकासशील देशों के संबंध में किया जाता है।

प्रश्न → बिहार के आर्थिक पिछड़ापन के क्या कारण है? बिहार के पिछड़ेपन दूर करने के लिए मुख्य उपाय बतायें?

उत्तर → बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के निम्न कारण है।

(1) तेजी से बढ़ती हुई आबादी।
(2) आधारभूत संरचना का अभाव
(3) कृषि पर निर्भरता।
(4) बाढ़ तथा सुखाड़ की स्थिति।
(5) उद्योग धंधों का अभाव।
(6) गरीबी
(7) तकनीकी शिक्षा का अभाव
(8) खराब विधि व्यवस्था।
(9) कुशल प्रशासन का अभाव
(10)

प्रधानाध्यापक

आर्थिक पिछड़ेपन दूर करने के उपाय :-

(1) जन संख्या वृद्धि पर प्रभावकारी नियंत्रण।
(2) बाढ़ एवं सुखाड़ पर नियंत्रण।
(3) कृषि जनित उद्योग-धंधों का विकास
(4) आधारभूत संरचना का ~~अभाव~~ विकास
(5) ईमानदार एवं योग्य प्रशासक।
(6) स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था।
(7) केन्द्र से अधिक मात्रा में संसाधनों का हस्तांतरण।
(8) रोजगार परक शिक्षा की व्यवस्था।
(9) पूँजी निर्माण की व्यवस्था।

Scanned with CamScanner